संक्षिप्त वार्षिक रिपोर्ट
ABRIDGED ANNUAL REPORT 2017-18

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
India's International Bank

भारत बदल रहा है आपके उज्ज्वल भविष्य के लिए

TRANSFORMING INDIA FOR YOUR INFINITE FUTURE

#BankingOnYourFuture

निदेशक मंडल / BOARD OF DIRECTORS

श्री रवि वेंकटेसन
अध्यक्ष
Shri Ravi Venkatesan
Chairman

श्री पी. एस. जयकुमार
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी
Shri P. S. Jayakumar
Managing Director & CEO

श्री मयंक के. मेहता
कार्यपालक निदेशक
Shri Mayank K. Mehta
Executive Director

श्री अशोक कुमार गर्ग
कार्यपालक निदेशक
Shri Ashok Kumar Garg
Executive Director

श्रीमती पापिया सेनगुप्ता
कार्यपालक निदेशक
Smt. Papia Sengupta
Executive Director

श्री लोक रंजन
निदेशक (04.04.2018 तक)
Shri Lok Ranjan
Director (up to 04.04.2018)

श्री देबाशीष पांडा
निदेशक (05.04.2018 से)
Shri Debasish Panda
Director (w.e.f. 05.04.2018)

श्री अजय कुमार
निदेशक
Shri Ajay Kumar
Director

श्री गोपाल कृष्ण अग्रवाल
निदेशक
Shri Gopal Krishan Agarwal
Director

प्रो. बिजू वर्क्की
निदेशक
Prof. Biju Varkkey
Director

श्री भरतकुमार डी. डांगर
निदेशक
Shri Bharatkumar D. Dangar
Director

सुश्री उषा ए. नारायणन
निदेशक
Ms. Usha A. Narayanan
Director

श्रीमती सौंदरा कुमार
निदेशक
Smt. Soundara Kumar
Director

सीवीओ	CVO
श्री नायक नरसिम्हा के	MR. NAYAK NARSIMHA K
महाप्रबंधक	**General Managers**
श्री घाघ सुरेश शंकर	MR. GHAG SURESH SHANKAR
श्री अग्रवाल संजय	MR. AGARWAL SANJAYA
श्री ककेरा वेंकटेश्वरलू	MR. KAKKERA VENKATESWARLU
श्री श्रीवास्तव नागेश कुमार	MR. SRIVASTAVA NAGESH KUMAR
श्री शर्मा मुरारीलाल	MR. SHARMA MURARI LAL
श्री भुयां गगन बिहारी	MR. BHUYAN GAGAN BIHARI
श्री उप्रेती नवीन चंद्र	MR. UPRETI NAVIN CHANDRA
श्री अरोरा सतीश कुमार	MR. ARORA SATISH KUMAR
श्री टकर एरीक फ्रांसिस	MR. TUCKER ERIC FRANCIS
श्री माथुर राधाकान्त	MR. MATHUR RADHAKANT
श्री गुप्ता कुलभूषण	MR. GUPTA KUL BHUSHAN
श्री कुमार वीरेंद्र	MR. KUMAR BIRENDRA
श्री कौल कृष्ण ओपिंदर	MR. KAUL KRISHEN OPINDER
श्री पांडा गोलक बिहारी	MR. PANDA GOLAK BIHARI
श्री कुमार राजेन्द्र	MR. KUMAR RAJENDRA
श्री डुडेजा विनीत कुमार	MR. DUDEJA VINEET KUMAR
श्री मेहरोत्रा प्रकाश नारायण	MR. MEHROTRA PRAKASH NARAYAN
श्री पटेल कमलेश रमणीकलाल	MR. PATEL KAMLESH RAMNIKLAL
श्री मुखोपाध्याय देब व्रत	MR. MUKHOPADHYAY DEB BRATA
श्री शर्मा रजनीश	MR. SHARMA RAJNEESH
श्री सिंघल नरेंद्र कुमार	MR. SINGHAL NARENDRA KUMAR
श्री भाटिया राकेश कुमार	MR. BHATIA RAKESH KUMAR
श्री महाजन कमल के.	MR. MAHAJAN KAMAL K
श्री सिंह नवतेज	MR. SINGH NAVTEJ
श्री कनौजिया कुकु राम	MR. KANOJIA KUKU RAM
श्री कुमार संजय	MR. KUMAR SANJAY
श्री ढाका बीरबल सिंह	MR. DHAKA BIRBAL SINGH
श्री गुप्ता अशोक कुमार	MR. GUPTA ASHOK KUMAR
श्री सोलंकी शंकर राम	MR. SOLANKEE SHANKAR RAM
श्री मेहता जयेशकुमार वसंतराय	MR. MEHTA JAYESHKUMAR VASANTRAY
श्री नामदेव दिनेश कुमार	MR. NAMDEO DINESH KUMAR
श्री वी मुरुगन	MR. V MURUGAN
श्री श्रीवास्तव प्रदीप	MR. SRIVASTAVA PRADEEP
श्री पांडा असीम कुमार	MR. PANDA ASHIM KUMAR
श्री बी पी शर्मा	MR. B P SHARMA
श्री सिंह किरण पाल	MR. SINGH KIRAN PAL
श्री पटेल भूपिनकुमार रतिलाल	MR. PATEL BHUPINKUMAR RATILAL
श्री तिवारी यतीश चंद्र	MR. TEWARI YATISH CHANDER
श्री देवराकोण्डा आनंद कुमार	MR. DEVARAKONDA ANANDA KUMAR
उप महाप्रबंधक एवं प्रमुख	**Dy. General Mangers & Head**
श्री गुप्ता सर्वेश कुमार	MR. GUPTA SARVESH KUMAR
श्री इस्लाम खोंडकर ज़लालुल	MR. ISLAM KHONDKAR ZALALUL
श्री रॉय जयदीप दत्ता	MR. ROY JOYDEEP DUTTA
श्री दास तपन कुमार	MR. DAS TAPAN KUMAR
श्री हार्डिकर सतीशचन्द्र विद्याधर	MR. HARDIKAR SATISHCHANDRA VIDYADHAR
श्री वेणुगोपाल एन	MR. VENUGOPAL N
श्री त्रिवेदी मुकेश दयाशंकर	MR. TRIVEDI KUKESH DAYASHANKER
श्री रमेश गोपालरत्नम	MR. RAMESH GOPALARATNAM

विषय सूची / Contents

विषय सूची	पृष्ठ	Contents	Page
अध्यक्ष का वक्तव्य	03	Chairman's Statement	06
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी का वक्तव्य	09	MD & CEO's Statement	13
निदेशकों की रिपोर्ट की प्रमुख विशेषताएँ	17	Highlights of Directors' Report	41
कार्पोरेट गवर्नेन्स पर लेखा परीक्षकों का प्रमाण-पत्र	64	Auditor's Certificate on Corporate Governance	64
कार्पोरेट गवर्नेन्स रिपोर्ट की प्रमुख विशेषताएँ	65	Highlights of Corporate Governance Report	65
एमडी व सीईओ द्वारा घोषणा	98	Declaration by MD & CEO	98
संक्षिप्त तुलन पत्र	99	Abridged Balance Sheet	99
संक्षिप्त लाभ व हानि खाता	102	Abridged Profit & Loss Account	102
संक्षिप्त नकदी-प्रवाह विवरण	105	Abridged Cash Flow Statement	105
महत्वपूर्ण लेखा नीतियां	106	Significant Accounting Policies	106
लेखों पर टिप्पणियां	116	Notes to Accounts	116
लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट	163	Auditors' Report	163
संक्षिप्त समेकित वित्तीय विवरणियां	167	Abridged Consolidated Financial Statements	167
अपरिवर्तित अभिमत सहित लेखापरीक्षा रिपोर्ट की घोषणा	204	Declaration of Audit Report with Unmodified Opinion	204
सीईओ / सीएफओ प्रमाणीकरण	206	CEO / CFO Certification	206
लाभांश संवितरण नीति	207	Dividend-Distribution-Policy	207
नोटिस	208	Notice	208
हरित पहल - शेयरधारकों से अपील	209	Green Initiative-Appeal to Shareholders	209
इलेक्ट्रॉनिक मैन्डेट फार्म	211	Electronic Mandate Form	211

लेखापरीक्षक / AUDITORS

कल्याणीवाला एण्ड मिस्त्री एल एल पी
सनदी लेखाकार
Kalyaniwalla & Mistry LLP.
Chartered Accountants

सिंघी एण्ड कं.
सनदी लेखाकार
Singhi & Co.
Chartered Accountants

जी एम कपाड़िया व कं.
सनदी लेखाकार
G M Kapadia & Co.
Chartered Accountants

एस आर डिनोडिया व कं.
सनदी लेखाकार
S R Dinodia & Co. LLP.
Chartered Accountants

प्रधान कार्यालय

बड़ौदा हाऊस, माण्डवी, वडोदरा 390 006.

बड़ौदा कार्पोरेट सेन्टर

सी-26, जी-ब्लॉक, बान्द्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (पू.),
मुंबई 400 051.

निवेशक सेवाएं विभाग

7वां तल, बड़ौदा कार्पोरेट सेंटर, सी-26, जी-ब्लॉक,
बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पू), मुंबई 400 051.

रजिस्ट्रार एवं अन्तरण एजेंट

मेसर्स कार्वी कंप्यूटरशेयर प्राइवेट लि.
यूनिट - बैंक ऑफ़ बड़ौदा
कार्वी सेलेनियम टावर बी, प्लाट क्र. 31 व 32, गचीबॉवली, फाइनांसियल
डिस्ट्रिक्ट, नानाक्रामगुडा, सैरीलिंगम्पल्ली मंडल, हैदराबाद - 500 032.

हमारे बैंक के डिबेंचर न्यासी

आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेस लि.
एशियन बिल्डिंग, भू-तल,17, आर कमानी मार्ग, बेलार्ड एस्टेट,
मुंबई - 400 001

Head Office

Baroda House, Mandvi, Vadodara 390 006.

Baroda Corporate Centre

C-26, G-Block, Bandra-Kurla Complex, Bandra (E),
Mumbai 400 051.

Investor Services Department

7th Floor, Baroda Corporate Centre, C-26, G-Block,
Bandra-Kurla Complex, Bandra (E), Mumbai 400 051.

Registrars & Transfer Agent

M/s. Karvy Computershare Pvt. Ltd.
Unit - Bank of Baroda
Karvy Selenium Tower B, Plot No.-31&32, Gachibowli,
Financial District, Nanakramguda, Serilingampally Mandal,
Hyderabad - 500 032

Debenture Trustees of our Bank

IDBI Trusteeship Services Ltd.
Asian Building, Ground Floor, 17,R Kamani Marg,
Ballard Estate
Mumbai - 400 001

नोट : शेयरधारकों से अनुरोध है कि वार्षिक रिपोर्ट 2017-18 के संपूर्ण पाठ के लिए बैंक की वेबसाइट www.bankofbaroda.co.in देखें.

Note : Shareholders are requested to visit Bank's website www.bankofbaroda.co.in to get the full version of Annual Report 2017-18.

रवि वेंकटेसन
अध्यक्ष

प्रिय हितधारक,

भारत सरकार ने 2015 में ''इन्द्र धनुष'' मिशन के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के सुधार की प्रक्रिया शुरू की. विगत तीन वर्षो में बैंक ऑफ बड़ौदा ने न केवल अशोध्य ऋणों की समस्या से निपटने के लिए, बल्कि एक अत्याधुनिक प्रतियोगी बैंक के रूप में तैयार करने के लिए व्यापक रूपान्तरण प्रक्रिया आरंभ की है. यद्यपि यह रूपान्तरण-प्रक्रिया अभी प्रगति की स्थिति में है, मैं अब तक पूर्ण हो चुकी गतिविधियां आपसे साझा करना चाहूँगा.

अशोध्य ऋणों एवम् धोखाधड़ी के जोखिम को कम करने हेतु मूलभूत रूप से क्या किया गया है ?

टोयेटो जैसी जपानी कंपनी ने विश्व को यह सिखाया है कि गुणवत्ता निरीक्षण आधारित नहीं होनी चाहिए, बल्कि निवारण आधारित होनी चाहिए. सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिए भी उसी प्रकार की एक क्रांति की आवश्यकता है. सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, अपने स्वरुप के कारण दुर्घटना-संभाव्य हैं और केवल संरचना, प्रक्रियागत नियंत्रणों एवम् संस्कृति में मूलभूत परिवर्तन करके ही उसे रोका जा सकता है. धोखाधड़ी एवं अशोध्य ऋण केवल स्टाफ-उत्तरदायित्व के भय एवं पश्चातवर्ती जांच के द्वारा कम नहीं किया जा सकता.

विगत तीन वर्षो में बैंक ऑफ बड़ौदा में प्रक्रियाओ को पुनः डिज़ाइन करने एवम् नियंत्रणों और अनुपालनों को सुदृढ़ बनाने के व्यापक प्रयास किए गए हैं. बैंक एक आधुनिक एवं संपूर्ण निर्णय वाली संरचना की ओर आगे बढ़ा है. खाता खोलने की प्रक्रिया तथा खुदरा ऋणों का अनुमोदन, फोरेक्स एवम् व्यापार वित्तपोषण संव्यवहारों को शाखाओं से केंद्रीकृत बैक ऑफिस में ले जाया गया. इससे कार्यदायित्वों का स्पष्ट विभाजन सुनिश्चित होगा. शाखाएं केवल ग्राहकों को सेवाएँ प्रदान कर रही हैं. संव्यवहारों की प्रोसेसिंग, गिफ्ट सिटी, गांधीनगर में शेयर्ड सेवा केंद्र में की जा रही हैं. सभी प्रक्रियाओं को व्यापक पारदर्शिता एवम् नियंत्रण उपलब्ध कराने की दृष्टि से डिजिटाइज्ड किया जा रहा है. धोखाधड़ी की जोखिमों की तत्परता से निगरानी करने एवम् निवारण हेतु एक समर्पित एवम् स्वतंत्र जोखिम प्रबंधन इकाई स्थापित की गई है तथा एक इंटरप्राइज़ धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन प्रणाली स्थापित की जा रही है जिसे बैंक के समग्र जोखिम प्रबंधन प्लेटफार्म के साथ एकीकृत किया गया है. अखिल भारतीय स्तर पर एक वेब आधारित अनुपालन प्रबंधन का क्रियान्वयन किया गया है. उच्च स्तरीय डिजिटाईजेशन के साथ बैंक की व्यापक संव्यवहार डेटा तक पहुँच बढ़ी है और इससे मैनुअल, विकेंद्रीकृत, संव्यवहार आधारित एवम् पश्चातवर्ती प्रक्रिया के स्थान पर निवारक, विश्लेषक कुशल एवम् वास्तविक समय आधारित लेखापरीक्षा पद्धति को अपनाना होगा. ऐसे रूपान्तरण में समय लगेगा, क्योंकि इसमें मानसिकता एवम् क्षमता में परिवर्तन की आवश्यकता होती है.

अशोध्य ऋणों के जोखिम को कम करने हेतु बैंक खुदरा ग्राहकों के लिए एक नई जोखिम आधारित कीमतों को अपना रहा है, जिससे जोखिम प्रोफाइल में उल्लेखनीय सुधार होगा. क्रेडिट ब्यूरो स्कोर के अंतर्गत <725 के स्कोर वाले ग्राहकों का प्रतिशत 19% से घट कर 1% हो गया है और जिनका स्कोर 725 से अधिक है उनका प्रतिशत बढ़ कर 41% से 63% हो गया है. एक मजबूत वसूली टीम के साथ यह दृष्टिकोण हमारे खुदरा ऋणों को व्यापक तौर पर बढ़ाने हेतु सक्षम बनने के लिए महत्वपूर्ण है. कार्पोरेट मामलों में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ''प्रतिकूल चयन'' समस्या से ग्रसित हैं, जहां बैंक सर्वाधिक पसंदीदा ग्राहकों को लक्ष्य करे इसके बजाय न्यूनतम पसंदीदा ग्राहक बैंकों कों लक्ष्य बना रहे हैं. बैंक ऑफ बड़ौदा ''लक्ष्य ग्राहक आधारित दृष्टिकोण'' अपनाने की और अग्रसर हो रहा है जहां हम विभेदक मूल्य अनुपात के साथ सर्वाधिक पसंदीदा ग्राहकों तक सक्रियता से पहुँच रहे हैं. जोखिम आधारित ऋण सीमा की स्थापना के साथ लक्ष्य ग्राहकों की पहचान का कार्य पूरा हो गया है. कार्पोरेट ऋणों का 80% कवर करते हुये प्रमुख महानगरीय केन्द्रो पर लेखा योजना शुरूहो गई है और इन खातों एवं योजनाओं को समर्पित संबंधपरक प्रबंधकों (आरएम) के माध्यम से प्रारम्भ कर निष्पादित किया गया है. इसके परिणामस्वरूप हमारे कार्पोरेट ग्राहकों के जोखिम प्रोफ़ाइल में उल्लेखनीय परिवर्तन हुआ है. अब दो तिहाई ग्राहक निवेश श्रेणी से ऊपर के हो गए हैं, जो तीन वर्षो पहले महज 44% थे. यह हमारे बैंक की ऋण प्रदान करने की पद्धतियों में किए गए मूलभूत परिवर्तन के केवल कुछ उदाहरण हैं.

बैंक ऑफ बड़ौदा को अधिक प्रतियोगी बनाने के लिए क्या किया गया है ?

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक कुछ वर्षो से बाजार में अपना हिस्सा निजी क्षेत्र के अपने प्रतिस्पर्धियों के हाथों गंवाते रहे हैं. कई बैंक शीघ्र सुधारात्मक कार्रवाई (पी सी आर) के तहत पहले ही आ चुके हैं, इसलिए इस हिस्से में और कमी होने की संभावना है. मार्जिन एवम् लाभप्रदता भी अत्यधिक दबाव में है, ऐसे अनुमानित परिणाम हैं कि बैंकिंग अधिक परिष्कृत खेल बनता जा रहा है जिसमे प्रौद्योगिकी, विश्लेषण एवम् विशेषज्ञता अत्यधिक महत्वपूर्ण बनते जा रहे हैं. सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को या तो बदलना होगा या नुकसान उठाना होगा.

तथापि, विगत तीन वर्षों में बैंक, प्रतियोगी बनने और बाजार हिस्सेदारी तथा लाभप्रदत्ता को बढ़ाने में उल्लेखनीय प्रगति करने में सफल हुआ है. बैंक 36 माह की समयावधि में 23 मिलियन से अधिक ग्राहकों को जोड़ कर अपने ग्राहक आधार को 78 मिलियन तक पहुंचा पाया है. इस समयावधि में कासा जमाराशियों में कासा अनुपात 8% से बढ़ कर 41.2% पर पहुँच गया है. वर्ष के दौरान खुदरा ऋण में लगभग 42% की वृद्धि हुई है और कार्पोरेट ऋणों में 16% की वृद्धि हुई है. एमएसएमई और कृषि ऋणों में भी वृद्धि हुई है. ये परिणाम असंख्य पहलों के परिणामों को रेखांकित करते हैं.

ग्राहकों के मामलों में बैंक ने ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने हेतु प्रौद्योगिकी में बड़े पैमाने पर निवेश किए हैं जैसे कि अब टैबलेट के माध्यम से कागज़ रहित रूप में नए बचत खाते केवल कुछ मिनटों में ही खोले जा सकते हैं. इंटरनेट एवम् मोबाइल बैंकिंग एप्लिकेशनों में उल्लेखनीय सुधार हुए हैं. ग्राहक सेवा में सुधार हो रहे हैं, हालांकि अब भी काफी गुंजाइश हैं, बैंक के कॉल सेंटर परिचालनों में पूर्व के 60% की तुलना में 93% से अधिक के सुधार के साथ ग्राहक सेवा के स्तर में सुधार हो रहा है. ग्राहक शिकायतों को संतोषजनक रूप से निस्तारित किए जाने के टर्न अराउंड समय में पर्याप्त कमी आयी है, 74% ग्राहक शिकायतें 7 कार्य दिवसों में निस्तारित हो रही हैं. ग्राहक सेवा को शाखा स्तर के केआरए के रूप में शामिल किया गया है.

प्रक्रियाओं में सुधार के अलावा नए उत्पाद नवोन्मेषिता पर विशेष ध्यान दिया गया है और सभी सैगमेंट में प्रतिस्पर्धात्मक उत्पादों को प्रारम्भ किया गया है. इनमें आपूर्ति श्रृंखला वित्तपोषण, नकदी प्रबंधन (बड़ौदा डीजीनेक्स्ट), व्यापार वित्तपोषण प्लैटफ़ार्म बड़ौदा इन्स्टा (बड़ौदा इंटीग्रेटेड सोल्यूशन फॉर ट्रेड फ़ाइनेंस एक्सेस), कस्टमाइज्ड उत्पाद जैसे कि गोल्ड लोन, बागवानी ऋण, सम्पदा प्रबंधन सेवाएँ, शिक्षा, बंधक एवम् वाणिज्यिक वाहन ऋण सहित औटोमटिव वित्तपोषण आदि का समावेश है.

अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय :

बैंक ऑफ बड़ौदा को सही अर्थों में 'भारत का अंतर्राष्ट्रीय बैंक' कहा जाता है. हालांकि वैश्विक नियमों में परिवर्तन हो रहा है, अतः बैंक की अंतर्राष्ट्रीय उपस्थिति को पुनः रेखांकित करने की आवश्यकता है. बैंक ने व्यवसाय की संभावनाओं एवम् जोखिम के आधार पर अपने अंतर्राष्ट्रीय उपस्थिति का व्यापक और नीतिगत पुनर्मूल्यांकन किया है. इसके परिणामस्वरूप बहरिन, गयाना, बैंकॉक और दक्षिण आफ्रिका सहित कई देशों में परिचालन बंद करने का निर्णय लिया गया हैं. भविष्य में और टेरीटरीज़ में सार्वजनिक क्षेत्र के अन्य बैंकों के साथ समेकन का विचार विमर्श चल रहा है. भविष्य में बैंक यूएस, यूएई एवम् यूके पर ध्यान केन्द्रित करेगा और जापान एवम् कोरिया के साथ तेजी से बढ़ रहे व्यापार का लाभ उठाने हेतु इन देशों के साथ मजबूत गठबंधन को विकसित करेगा.

प्रौद्योगिकी

बैंकिंग तेजी से एक प्रौद्योगिकी आधारित व्यवसाय बनता जा रहा है और परिणाम स्वरूप बैंक ने व्यापक रूप से अपनी प्रौद्योगिकी क्षमता के उन्नयन में व्यापक निवेश किया है. बैंक के मुख्य कोर बैंकिंग प्लेटफार्म को उन्नत बनाया गया है, इससे ग्राहकों हेतु सहज इंटरनेट एवम् मोबाइल बैंकिंग सुविधा उपलब्ध हो पायी है और विभिन्न उपकरणों पर कार्यरत कई डिजिटल एप्लीकेशनों का निर्बाध एकीकरण हो पाया है. सप्लाई चेन वित्तपोषण समाधान, नकदी प्रबंधन प्रणाली, व्यापार वित्तपोषण पोर्टल, ऋण प्रबंधन प्रणाली, धोखाधड़ी प्रबंधन प्रणाली, केन्द्रीय अनुपालन प्रबंधन प्रणाली, डिजिटल दस्तावेज़ प्रबंधन प्रणाली सहित 40 से अधिक नए इंटरप्राइज़ एप्लिकेशनों का क्रियान्वयन किया जा चुका है. जब वित्तीय वर्ष 2019 के अंत तक ये पूर्णतः नियोजित एवम् एकीकृत हो जाएंगे, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास वैश्विक स्तर की आईटी क्षमता होगी. हमारा बैंक ''फिनटेक'' वर्टिकल स्थापित करने वाले आरंभिक बैंकों में से एक है जो 20 से अधिक साझेदारों के साथ उल्लेखनीय व्यवसाय कर रहा है. बैंक ऑफ़ बड़ौदा इस नए महत्वपूर्ण मंच पर एक अग्रणी की भूमिका निभा रहा है.

हमारे प्रभावी क्रियान्वयन के अनुरूप, प्रोद्योगिकी एक तेजी से उभरता मंच है. बैंक ऑफ बड़ौदा बैंकिंग प्रौद्योगिकी में अग्रणी बना रहे यह सुनिश्चित करने हेतु आईटी एवम् विश्लेषण-कार्य के लिए क्रमशः आईबीएम एवम् एशेंचर जैसी विश्व स्तरीय कंपनियों की साझेदारी के साथ आईटी अनुषंगी स्थापित की गई है.

कर्मचारी एवम् संगठन

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऐसी क्षमताओं, विशेष रूप से वरिष्ठ लीडरों की कमी का सामना कर रहे हैं, जो कार्य निष्पादन एवम् परिवर्तनों को आगे बढ़ा सके. प्रौद्योगिकी, जोखिम प्रबंधन एवम् धोखाधड़ी नियंत्रण जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता की भी बेहद कमी महसूस की जा रही है. इस समस्या से निपटने के लिए हमारे बैंक ने नेतृत्व क्षमता एवम् कर्मचारियों की क्षमताओं को बेहतर बनाने के लिए उल्लेखनीय निवेश किए हैं. इनमें से एक महत्वपूर्ण व्यापक नेतृत्व विकास पहल है ''वी लीड'', जिसका उद्देश्य हमारे बैंक में लीडरों के सुदृढ़ एवम् निरंतर प्रवाह का निर्माण करना है. 2700 से अधिक वेतनमान I से VII के उच्च संभावनाओं युक्त प्रबन्धकों को विचार-विमर्श के बाद चयनित किया गया है और उन्हें एक वर्ष के गहन प्रशिक्षण द्वारा भविष्य के लीडर के रूप में विकसित किया जा रहा है. इस कार्यक्रम को उत्तराधिकार आयोजना के साथ जोड़ा गया है.

एक ज्ञानार्जक संगठन बनने के लिए कर्मचारियों को ''प्रशिक्षण की जीवन-चक्र'' अवधारणा के माध्यम से निरंतर नयी दक्षता अर्जित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है. बड़ौदा अकादमी मोबाइल एप्लिकेशन एवं बड़ौदा रेडियो जैसे वैकल्पिक शिक्षण चैनलों के माध्यम से सीखने की प्रक्रिया को आनंददायक बनाने और वीडियो, ऑडियो के माध्यम से तथा, क्वीज़ एवं खेल के माध्यम से शिक्षण को प्रोत्साहित करने के प्रयास किए जा रहे हैं. बैंक के ई-लर्निंग प्लेटफ़ॉर्म बड़ौदा नेट अकादमी पर अब 230 से अधिक मॉड्यूल्स को संचालित किया जा रहा है और वित्तीय वर्ष 2018 के दौरान कर्मचारियों द्वारा 7 लाख से अधिक पाठ्यक्रम पूरे किए गए.

बाजार से विशिष्ट ज्ञान और दक्षता वाले विशेषज्ञों को आवश्यकतानुरूप अनुबंध के आधार पर भर्ती करके आंतरिक प्रतिभा विकास में निवेश किया गया है. बैंक की आंतरिक रूप से पदोन्नत प्रतिभा और बाहर से चयनित विशषज्ञों के बीच उपयुक्त संतुलन बनाना सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिए सफलता का एक महत्वपूर्ण कारक होगा.

बैंक ने कर्मचारियों के लिए बड़ौदा जेम्स (विकास और सशक्तिकरण प्रबंधन प्रणाली) नामक एक नई कार्यनिष्पादन प्रबंधन प्रणाली की शुरुआत की

है. बड़ौदा जेम्स एक अत्याधुनिक एवं मोबाइल पर उपलब्ध प्रणाली है जो व्यक्तिगत लक्ष्य निर्धारण, निरंतर फीडबैक और कोचिंग को सक्षम बनाता है. बिज़नेस विश्लेषण परिणाम, प्रबंधन को सही निर्णय लेने की अभूतपूर्व क्षमता प्रदान करते हैं. बड़ौदा जेम्स से पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और विकास के क्षेत्र में एक अहम भूमिका की अपेक्षा है.

गवर्नेंस

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के पास एक प्रतिबद्ध और अत्यधिक संयोजित निदेशक मंडल है. वित्तीय वर्ष 2018 में निदेशक मंडल की 15 दिनों के लिए 13 बैठकें हुई. औसत उपस्थिति 92% थी जिसमें से आधे निदेशकों की उपस्थिति 100% थी. इसके अतिरिक्त, प्रबंधन समिति की 37 बार और लेखापरीक्षा समिति की 15 बार बैठकें हुईं.

वित्तीय वर्ष 2018 में, निदेशक मंडल ने अपने आधे से अधिक समय को व्यावसायिक-नीति एवं कार्यान्वयन तथा जोखिम न्यूनीकरण पर सावधानीपूर्वक व्यतीत किया.

निदेशक मंडल को सशक्त बनाने के लिए, हमने निदेशक मण्डल की समितियों में विशेष रूप से जोखिम प्रबंधन, आईटी, मानव संसाधन और वित्तीय समावेशन के क्षेत्रों से जुड़े विशेषज्ञ सलाहकारों को शामिल किया है. यह बहुत ही उपयोगी रहा है.

यह लगातार दूसरा साल है जब बाहरी एजेंसी द्वारा बोर्ड की प्रभावशीलता की एक स्वतंत्र समीक्षा करवाई गई और जिससे प्रक्रियाएं और बोर्ड की गतिशीलता और सुदृढ़ हुई है.

परिणाम

बैंक ऑफ़ बड़ौदा द्वारा 2015 में मूलभूत रूपान्तरण संबंधी कार्यकलाप शुरू करने का परिणाम यह रहा कि यह भारत के सबसे बड़े और मजबूत बैंकों में से एक बन कर उभरा है. बहियों का पूर्व-निर्धारण एवं उनका समाधान करने के कारण प्रावधान कवरेज अनुपात 67.21% रहा है, जो सार्वजनिक क्षेत्रों के बैंकों में सबसे अधिक है. 12.13% का पूंजी पर्याप्तता अनुपात नियामक आवश्यकताओं से ऊपर रहा है. ऋण-वृद्धि तेज हो रही है. निवल ब्याज मार्जिन में सुधार हुआ है और परिचालन लाभ वित्तीय वर्ष 2017 में 24% तथा वित्तीय वर्ष 2018 में 9% बढ़ा है.

मुझे पूरा भरोसा है कि जैसे ही अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, क्रेडिट ऑफटेक में सुधार होगा तथा एनपीए का समाधान होगा, बैंक ऑफ़ बड़ौदा लाभ की ओर मजबूती से अग्रसर होगा.

अंत में, मैं अपने कर्मचारियों को उनकी कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता के लिए धन्यवाद देना चाहता हूँ, साथ ही अपने ग्राहकों, भागीदारों और सभी हितधारकों को भी बैंक ऑफ़ बड़ौदा के इस नाजुक दौर में भी अपने विश्वास और समर्थन को बनाए रखने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं.

रवि वेंकटेसन
अध्यक्ष

CHAIRMAN'S STATEMENT

Ravi Venkatesan
Chairman

Dear Stakeholder,

The Government of India began the process of reforming Public Sector Banks (PSBs) under mission "Indradhanush" in 2015. Over the past three years, Bank of Baroda has undertaken a comprehensive transformation to not only deal with the legacy of bad loans but to create a modern and competitive Bank. Although this transformation is very much a work in progress, I would like to share some of what has been accomplished.

What has been done to fundamentally reduce the risk of bad loans and frauds?

Japanese companies like Toyota taught the world that quality must be prevention-driven not inspection-driven. A similar revolution is needed within PSU banks. Public sector banks are accident-prone by design and can only be fixed by making fundamental changes to the architecture, process controls and culture. Frauds and bad loans cannot be reduced simply by fear of staff accountability and ex-post investigations.

Over the last three years, there has been a massive effort at Bank of Baroda to redesign processes and to strengthen controls and compliance. The Bank has moved to a modern frontend/backend decision architecture. Account opening, processing and approval of retail loans, forex and trade finance transactions have been moved from branches to a centralised back office. This ensures that there is a clear segregation of duties. Branches are only servicing customers; transaction processing is done at Shared Services Center in Gift City, Gandhinagar. All processes are being digitized to provide greater transparency and control. A dedicated and independent Fraud Risk Management Unit has been setup to monitor and mitigate fraud risks proactively and an enterprise fraud risk management system is being deployed which is integrated to Bank's overall risk management platform. A web based compliance management has been implemented across India. With a high degree of digitization, the Bank increasingly has access to enormous transaction data and this is enabling the Audit paradigm to evolve from manual, decentralized, transaction driven and ex-post to being preventive, analytical, intelligent and real time. Such a transformation will take time because it requires a change of mindset and capability.

To reduce the risk of bad loans, the Bank has moved to a new risk based pricing for retail customers leading to a sharp improvement in risk profile. The percentage of customers with credit bureau score < 725 is down from 19% to 1% and those with scores above 725 has increased from 41% to 63%. This approach along with a strong centralized collections team, is crucial to being able to rapidly expand our retail lending. On the corporate side, public sector banks have been plagued by an "adverse-selection" problem where the least desirable customers target the banks rather than the banks targeting the most desirable customers. Bank of Baroda has shifted to a "target customer driven approach" where we proactively reach out to the most desirable customers with differentiated value propositions. The identification of target customers has been completed along with the establishment of risk based credit limits. Account plans are in place at major metro centres covering 80% of corporate credit and these accounts and plans are owned and executed through dedicated Relationship Managers (RMs). This has resulted in a significant change in the risk profile of our corporate customers. Now two-third of customers are above investment grade up from a 44% three years ago. These are but a few examples of the paradigm shift in lending practices at our Bank.

What has been done to make Bank of Baroda more competitive?

Public sector banks have been hemmorhaging market share to their private sector competitors for some years. With many banks already under Prompt Corrective Action, this share erosion is likely to accelerate. Margins and profitability are also under significant stress. These are predictable outcomes; banking is becoming a more sophisticated game where technology, analytics and expertise are becoming ever more vital. Public sector banks have to make the shift or lose out.

Over the past three years, Bank of Baroda, has been able to make significant strides in becoming competitive and improving market share and profitability. The Bank has added

more than 23mn customers over a span of 36 months with the customer base now at 78mn. CASA deposits have been growing with the CASA ratio rising by 8% to 41.2% over the period. During this year, retail lending has grown by 42% and corporate lending by 16%. MSME and Agricultural lending has also grown. These results are the consequence of several underlying initiatives.

On the consumer front, the Bank has invested massively in technology to improve the customer experience. For instance, new savings accounts now can be opened in a few minutes in a paperless format through Tablets. Significant improvements have been made to internet and mobile banking applications. Customer service is improving although there is a long way to go yet; service levels in the Bank's call centre operations have now improved to more than 93% compared with sub-60% earlier. Turnaround time in closing customer complaints satisfactorily has come down substantially; 74% of customer complaints are closed within 7 working days. Customer service has been included as a KRA at the branch level.

Besides process revamping, new product innovation has also been a big focus and competitive products have been launched across all segments. These include Supply Chain Financing, Cash Management (Baroda DigiNext), Trade Finance platform- BarodaINSTA (Baroda Integrated Solution for Trade Finance Access), customised products such as gold loans, horticulture loans, wealth management services, educational, mortgage and automotive including commercial vehicle financing.

International Business

Bank of Baroda is rightly called "India's International Bank". However, as the global order readjusts, there is a need to rethink on the Bank's international footprint. The Bank has undertaken a comprehensive strategic reassessment of its international presence based on business potential and risks. This has resulted in a decision to exit a number of countries including Bahrain, Guyana, Bangkok and South Africa. Discussions are underway with other PSBs for further consolidation of territories. In the future, the Bank will focus on the US, UAE and UK and develop stronger ties with Japan and Korea to take advantage of rapidly growing commerce with these countries.

Technology

Banking is rapidly becoming a technology driven business and consequently, the Bank has invested massively in upgrading its technology capability. The Bank's main core banking platform has been upgraded; this has enabled customer-friendly internet and mobile banking and the seamless integration of many digital applications that work across various devices. Nearly 40+ new enterprise applications including a Supply Chain Financing solution, Cash Management System, Trade Finance Portal, Loan Management System, Fraud Management System, Central Compliance Management System, Digital Document Management System have been implemented. When these are fully deployed and integrated by the end of FY 2019, Bank of Baroda will have world class IT capability. Our Bank is amongst the first to establish a "Fintech" vertical; with over twenty partnerships delivering significant business already, BOB is seen as an emerging leader in this vital new arena.

Impressive as our catch-up has been, technology is a rapidly evolving arena. To ensure that Bank of Baroda remains at the leading edge of banking technology, an IT Subsidiary has been established with partnerships with world class companies like IBM and Accenture for IT and Analytics respectively.

People & Organization

Public Sector banks face a significant shortage of talent especially more senior leaders who are able to drive performance and change. There is also an acute shortage of expertise in areas like technology, risk management and fraud control. To address this, our Bank has made very significant investments in improving leadership and people capabilities. One of the most important is a comprehensive leadership development initiative called 'We lead', with the objective of building a strong and sustainable pipeline of leaders for our Bank. Over 2700 high potential managers from Scale I to Scale VII have been carefully identified and are being developed into future leaders through a variety of intense interventions over the span of a year. This program is also integrated with succession planning.

To become a learning organization, employees are encouraged to continuously acquire new skills through a new "life cycle concept of training". Alternate learning channels such as the Baroda Academy mobile application and Baroda Radio try to make learning fun and encourage learning on the go providing bite sized content, videos, audios, quizzes and games. On the Bank's e- learning platform, our Baroda Net Academy now hosts more than 230 modules and more than 7 lakh courses were completed by employees during year FY 2018.

Investments in internal talent development have been selectively augmented by hiring experts from the market with specialised knowledge and skill sets on a contract basis. Striking an appropriate balance between talent promoted from within and selective assimilation of expertise from outside will be a critical success factor for public sector banks.

The Bank introduced a new Performance Management System for employees called Baroda GEMS (Growth & Empowerment Management System). Baroda GEMS is a state of the art, mobile-accessible system which enables individual goal setting, continuous feedback and coaching. A business analytics back-end gives management unprecedented drill-down capability. GEMS is expected to deliver a big leap in transparency, accountability and development.

Governance

Bank of Baroda has a committed and highly engaged Board. In FY 2018, the Board met 13 times for 15 days; median attendance was 92% with half the Directors having 100% attendance. In addition, the Management Committee met 37 times and the Audit Committee 15 times.

In FY 2018, the Board consciously spent over half of its time on business strategy and execution and risk mitigation.

In order to strengthen the Board, we have inducted expert Advisors onto Committees of the Board particularly in the areas of Risk Management, IT, HR and Financial Inclusion. This has been very helpful.

This is the second consecutive year when an independent review of Board effectiveness was conducted by an external agency and this has further strengthened processes and board dynamics.

Results

The consequence of Bank of Baroda embarking on a fundamental transformation exercise in 2015 is that it has emerged as one of the strongest large banks in India. Early recognition and cleaning of books has resulted in a provision coverage of 67.21% which is highest amongst public sector banks. Capital adequacy ratio of 12.13% remains above regulatory requirements. Credit growth has been accelerating. Net Interest Margin has been improving and operating profits have grown 24% in FY 2017 and 9% in FY 2018.

I am confident that as the economy strengthens, as credit offtake improves, as the NPAs get resolved, Bank of Baroda will be able to grow profits strongly.

Finally, I would like to thank our employees for their hard work and commitment and also thank our customers, extended partners and all stakeholders for your trust and support during this critical phase of Bank of Baroda.

Ravi Venkatesan
Chairman

प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी का वक्तव्य

पी एस जयकुमार
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

प्रिय हितधारक,

वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान बैंक के कार्यनिष्पादन के प्रमुख बिंदुओं को आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए मैं अत्यंत प्रसन्नता अनुभव कर रहा हूं. उपलब्धियों और की गई पहलों के विवरण वार्षिक रिपोर्ट में उपलब्ध करवाए गए हैं.

मैक्रो-आर्थिक विहंगावलोकन

2017 में सुदृढ़ वृद्धि के साथ वैश्विक अर्थतंत्र में काफी सुधार हुआ है. भारतीय आर्थिक मूल तत्वों में सुधार जारी रहा. वर्ष 2018 भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए वित्तीय गतिविधियों से पूर्ण रहा, जिसमें सरकार द्वारा ऐसे कई संरचनागत उपाय किए गए, जिनसे औपचारिक अर्थव्यवस्था का विकास हो एवं वह दीर्घकालीन वृद्धि की ओर अग्रसर हो. जीएसटी का अनुपालन, स्वातंत्र्योत्तर भारत के लिए एक सबसे बड़ा कराधान संबंधी सुधार है जो अंतरराज्य व्यापार की मुश्किलों को दूर करके उत्पादकता को प्रोत्साहित कर रहा है और आगे चलकर अर्थव्यवस्था के लिए लाभप्रद बनेगा. जीएसटी, आधार, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से लाभों की लक्ष्यगत डिलिवरी एवं डिजिटाइज़ेशन को दिया जा रहा महत्व अर्थव्यवस्था को निश्चितता की ओर ले जाएगा.

बैंकिंग परिदृश्य में, सरकार द्वारा उठाया गया एक बड़ा कदम था ₹ 2.11 लाख करोड़ के इंफ्यूजन के साथ सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का पुनः पूंजीकरण, जिससे अनर्जक ऋण (एनपीएल) की समस्या का सामना करने में मदद मिली एवं ऋण प्रदान करने संबंधी दबाव में राहत मिली और इसके द्वारा विकास को भी गति मिली. यह वर्ष गत वर्ष में अधिनियमित किए गए दिवाला और दिवालियापन संहिता (आयबीसी) के अनुपालन का साक्षी रहा. इसने दबावग्रस्त आस्तियों के निर्धारित समय में निराकरण को संभव बनाया और इसने बैंकों के लिए एनपीएल संकल्प के माहौल को उल्लेखनीय रूप से बेहतर बनाया. यद्यपि बैंकिंग प्रणाली में दबावों पर कार्रवाई करने के पूर्व के मेकेनिज़्म को समाप्त करते हुए दबावग्रस्त आस्तियों के समाधान हेतु भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा फ्रेमवर्क को संशोधित किए जाने के बाद, नजदीकी अवधि में लाभप्रदता को प्रभावित करते हुए मार्च, 2018 को समाप्त तिमाही में एनपीएल में वृद्धि हुई, जिसने समस्याग्रस्त आस्तियों को अधिक सही रूप में निर्धारित करने के भारतीय रिज़र्व बैंक के बहु-वर्षीय प्रयासों के अंतिम स्तर को उल्लेखनीय बनाया. आगे चलकर स्वच्छतर एवं पुनर्पूंजीगत तुलनपत्र बैंकों को आगे बढ़ने में मदद करेगा. इस उपाय के साथ, भारतीय रिज़र्व बैंक भी बैंकिंग प्रणाली को अगले वित्तीय वर्ष से इंड-एएस के अनुपालन के लिए तैयार कर रहा है.

संरचनागत सुधारों की पृष्ठभूमि में भारत ने विश्व बैंक की 2018 में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार व्यवसाय में आसानी वाले देशों में भारत का स्थान 30 पायदान ऊपर हो गया. भारत ने विश्व बैंक द्वारा प्रयोग किए जा रहे व्यवसाय करने की आसानी के मापदंडों में अपने अंकों को बेहतर बनाते हुए दस पैरामीटरों में से छः के प्राप्तांक के साथ प्रथम पांच सुधारकों में स्थान प्राप्त किया. हमारे देश के आकार को ध्यान में लेते हुए यह प्रगति उल्लेखनीय है. मूडीज़ ने भी देश की श्रेणी निर्धारण दर को बढ़ाया जो 14 वर्षों में प्रथम उन्नयन था. जैसा कि मुडीज़ ने अपने बयान में कहा है, आर्थिक एवम् संस्थागत सुधारों में निरंतर प्रगति आगे चल कर भारत के उच्चतम विकास की संभावनाओं में वृद्धि करेगी.

हाल ही के आर्थिक संकेतक स्पष्ट रूप से घरेलू अर्थव्यवस्था में प्रगति दर्शाते हैं. निर्माण क्षेत्र में वैश्विक अर्थव्यवस्था में सुधार की पृष्ठभूमि में निर्यात को मिलने वाली गति की अपेक्षा के साथ भारतीय माइक्रो आर्थिक परिवेश आशाजनक है. ऐसी अपेक्षा है कि बैंकिंग उद्योग में एक लंबे अंतराल के बाद कैपेक्ष चक्र में उलटाव (रिवर्सल) और ऋण मांग में गतिशीलता देखी जा सकेगी. आस्ति-गुणवत्ता चक्र में सुधार के साथ वित्तीय वर्ष 19 के लिए परिदृश्य उत्साहजनक प्रतीत हो रहा है.

बैंक की रूपान्तरण यात्रा-नवोदय परियोजना

अपने पिछले वर्ष के अभिकथन में मैंने हमारी रुपान्तरण यात्रा ''नवोदय परियोजना'' तथा रुपांतरण के साथ व्यवसायिक पहलों की सुसंगतता का उल्लेख किया था, जिसका प्रतियोगात्मक लाभ प्राप्त करने हेतु प्रमुख केंद्र बिन्दु उत्पादों, प्लेटफॉर्म एवं लोगों की क्षमता-निर्माण को दृष्टिगत रखा गया था.

मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि वर्ष के दौरान ऐसी कई पहलें

निष्पादित की गई/निष्पादन के उन्नत स्तर पर हैं. इन पहलों का हमारे व्यवसाय में का मात्रात्मक एवं गुणात्मक रुप में प्रतिबिंबित होना शुरू हो गया है. इन में से कुछ पहलें इस प्रकार हैं:-

- अपने कार्पोरेट बैंकिंग पोर्टफोलियो में वृद्धि करने के लिए हमने स्पष्ट रूप से लक्षित बाजार सहित लक्ष्य-बाज़ार रवैया अपनाया है. संबंध प्रबंधको (आरएम) के माध्यम से प्रमुख केंद्रों में लक्ष्य खाता योजना स्थापित की गयी हैं. हामीदारी अंकन में सुसंगति सुनिश्चित करने हेतु क्षेत्र विशिष्ट दल सहित अलग से कॉर्पोरेट क्रेडिट मंजूरी कार्यवाही स्थापित की गयी है. त्वरित टर्नअराउंड टाईम हेतु मंजूरी के लिए स्तरों की संख्या कम होते हुए कॉर्पोरेट वित्तीय सेवा शाखाओं हेतु एकल हो गयी हैं. जिसका लाभ पूर्व के स्तर की तुलना में निवेश श्रेणी ग्राहकों में वृद्धि के रूप में दृष्टव्य है.

- हमारे उत्पाद अनुपात की मजबूती हेतु हमने पूर्णतया डिजिटलाइज़्ड़ एवम् समर्पित सप्लाय चेन वित्त पोषण एवम् नकदी प्रबंधन कार्यक्रम शुरू किया है. एमएसएमई खंड सहित नये ग्राहक अर्जन के लिए और निम्न लागत चालू खाता जमा की वृद्धि के लिए ये उत्पाद अब फिडर के रुप में कार्य करते है. हमारे व्यापार वित्त ग्राहकों के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म यथा बड़ौदा इंस्टा तैयार किया गया है तथा दो व्यापार वित्त उत्पादों के लिए आरंभ किया गया है एवं अन्य हेतु विस्तारित किया गया है. इन सभी उत्पादों को अच्छा प्रतिसाद मिला है.

- हमारे खुदरा ग्राहकों के लिए हमने खुदरा ऋण प्रक्रिया को सरलीकृत बनाया है, जोखिम आधारित कीमतें प्रारम्भ की हैं, स्रोतों के लिए संवितरण चैनलों को व्यापक बनाया है, हामीदारी में निरंतरता के लिए बंधक ऋण प्रक्रिया को केंद्रीकृत किया है एवम् समय पर वसूलियों के लिए समर्पित खुदरा ऋण वसूली केंद्र स्थापित किए गए हैं. पोर्टफोलियो का जोखिम प्रोफाइल और कुल ऋण बही में रिटेल बही का अनुपात सुधरा है. खुदरा-ऋणों में निरंतर वृद्धि के उपाय किए गए हैं.

- हमारे खुदरा ग्राहकों के लिए ऋणों की प्रोसेसिंग एवं उनके अनुमोदन की प्रक्रिया को डिजिटलाइज़्ड़ किया है और अन्य के लिए यह तैनाती के अंतिम चरण में है.

- एमएसएमई ग्राहकों को सहयोग प्रदान करने में अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए, हमने इमर्जिंग डिजिटल मध्यमों से एमएसएमई को ऋण देने के लिए आधार नकदी प्रवाह पर ऋण अनुमोदन प्रक्रिया को सरलीकृत किया है. बैंक, मार्च 18 तक व्यवसाय के 22% लेखांकन को तीनों टीआरईडीएस प्लेटफार्म पर शुरु करने वाला पहला बैंक था. हमने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर विक्रेताओं को वित्तपोषित करने की शुरुआत की और जीएसटी प्राप्तियों के पेटे वित्तपोषण हेतु एक विशेष उत्पाद का शुभांरभ किया. कृषि वित्तपोषण हेतु हमने नवोन्मेषिता और उद्यमिता को सहयोग प्रदान करने के लिए इको सिस्टम वित्तपोषण के सहयोगी उन्मुख योजनाओं को अपनाया और इस प्रकार किसानों को उनकी आय बढ़ाने में सहायता की है.

- हमने अपने जमाकर्ताओं के लिए खाता खोलने की प्रक्रिया कों डिज़िटलीकृत करने तथा उसे कागज़रहित बनाने के लिए टैबलेट के माध्यम से डिजिटलाइज़्ड़ कर, व्यवसाय प्रारम्भ प्रक्रिया को मजबूत बनाया है, जो निर्बाध उपभोक्ता अनुभव ऑफर करता है और जिसमे टर्नअराउंड टाईम (टैट) घट कर कुछ मिनिटों का हो गया है. अखिल भारतीय स्तर पर सभी शाखाएं इसके लिए सक्षम है. इसके अलावा, मोबाइल बैंकिंग एप्प का पुर्नोत्थान ताकि वह इस श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ हो, क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड सहित अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म का नवीनीकरण किया गया है.

- वर्ष के दौरान, हमने अपने ग्राहकों की वित्तीय योजना और संपदा प्रबंधन हेतु सेवाओं की शुरुआत की है. ग्राहको हेतु विविध विभक्त प्रस्तावो में संवृद्ध बैंकिग सेवाओं और सेवा स्तर, अधिमान्य मूल्य निर्धारण और विशेष रिलेशनशिप प्रबंधकों और निवेश काउंसलरों के साथ संपदा प्रबंधन सेवाओं का समावेश है. शुरूआती तौर पर ये सेवाएं 2 शहरों पर प्रदान की जा रही हैं ताकि ये संवर्धित तौर पर विस्तारित हों.

  हरित पहल के रूप में तथा कागज़ रहित बैंकिंग की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुये हमने बैंक में रिकार्ड के डिजिटाईजेशन का कार्य प्रारम्भ किया है, जिसके अंतर्गत 600 शाखाओं में कार्य पूरा हो गया है और योजना के अनुरूप शेष कार्यवाही का अनुपालन किया जा रहा है. इससे शाखाओं को शाखा-परिसर में स्थान बचाने के अलावा कहीं भी, कभी भी ग्राहकों के डिजिटलीकृत रिकॉर्ड को पुनःप्राप्त करने, सेव, प्रिंट व ई-मेल करने में सहायता मिलेगी.

- बैंक के ऑपरेटिंग आर्किटेक्चर को गिफ्ट सिटी, गांधीनगर, गुजरात में अत्याधुनिक शेयर्ड सेवा केंद्र की स्थापना करते हुये पुनर्गठित किया गया. शाखा की खाता प्रबंधन, बंधक ऋण प्रक्रिया, फोरेक्स एवं व्यापार वित्तपोषण परिचालनों जैसी असंख्य बैक ऑफिस परिचालनों संबंधी गतिविधियों को माइग्रेट किया गया, ताकि शाखाओं को बिक्री के लिए समयमुक्त किया जा सके. दक्षता बढ़ाने एवं लागत को कम करने के साथ ही, बेहतर जोखिम प्रबंधन, नियंत्रण एवम् अनुपालन को भी सुनिश्चित किया गया.

- बैंक की तकनीकी क्षमताओं को मजबूत बनाते हुये हमने अपनी कोर बैंकिंग प्रणाली (सीबीएस) का उन्नयन किया और उसको स्मार्ट फोन, टैबलेट, लैपटॉप आदि जैसे बहु-चैनलों पर कार्यरत विभिन्न डिजिटल एप्लिकेशनों के साथ एकीकृत किया गया. अपनी तकनीकी क्षमताओं को और शक्तियाँ प्रदान करने हेतु हमने एक उत्कृष्ट आईटी सेंटर (आईटीसीओई) स्थापित किया और उत्कृष्ट विश्लेषक केंद्र (एसीओई) स्थापित करने की प्रक्रिया में हैं, जो डेटा का विश्लेषण करेगा और हमारे ग्राहकों को अंतर्दृष्टि प्रदान करेगा.

- उभरती व्यवसाय आवश्यकताओं को पूरा करने एवं नवोन्मेषिता का लाभ उठाने के लिए 20+ फिनटेक गठबंधन/साझेदारी की गई है. डिजिटल उधारियों जैसे वैविध्यपूर्ण उत्पादों एवं सेवाओं को जोड़ने एवं ऑफर करने हेतु एपीआई खोलते हुये हमने चयनित के साथ प्लेटफारिम्स्ड़ किया हैं.

- प्रौद्योगिकी में हो रहे विकास और संवर्धित संव्यवहार डेटा के परिदृश्य में हमने लेखापरीक्षा प्रक्रिया में परिवर्तन किया हैं, जिसमें ऑफ साइट सहित ऑन साइट लेखापरीक्षा प्रक्रिया उपलब्ध हैं जिसके परिणामस्वरूप समय से उपचारात्मक कार्रवाई, उन्नत नियंत्रण और लागत प्रभावशीलता आती है. परिचालन के सम्पूर्ण अवलोकन हेतु संगामी लेखापरीक्षा की खंडित प्रक्रिया को कारगर बनाया गया.
- बहुविध एच.आर. हस्तक्षेप के माध्यम से लोक रुपांतरण एवं क्षमता निर्माण प्रक्रिया प्रारंभ की गई जैसे कि अधिकारियों के सभी संवर्ग के लिए व्यापक नेतृत्व कार्यक्रम ''वी-लीड'' का प्रारम्भ, डिजिटल कार्य निष्पादन प्रबंधन प्रणाली (पीएमएस) के रुप में बड़ौदा जेम्स (वृद्धि एवं सशक्तिकरण प्रबंधन प्रणाली) का प्रारम्भ, ''बड़ौदा अनुभूति'' के तहत कर्मचारी-जुड़ाव पहल का प्रारम्भ, नये कर्मचारी शिकायत निवारण पोर्टल का प्रारम्भ आदि. इन सभी उपायों का लक्ष्य क्षमता निर्माण, कर्मचारी अभिप्रेरणा एवं उनके जुड़ाव को बढ़ाने का है.

गत दो वर्षों के दौरान की गई नीतिगत पहलों और उन्हें तर्क संगत निर्ष्कष तक पहुंचाने के लिए उभरते हुये बैंकिंग एवं आर्थिक परिदृश्य में पूंजीकरण में बैंक की स्थिति बहुत अच्छी है.

वित्तीय कार्यनिष्पादन

वित्तीय वर्ष 2018 के दौरान बैंक के कार्यनिष्पादन का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार हैं:

जमाराशियां

वित्तीय वर्ष के दौरान वैश्विक कासा जमाराशियों एवं घरेलू कासा जमाराशियों ने क्रमशः 9.45% एवं 10.79% की वृद्धि दर्ज करते हुए ₹ 18,283 करोड़ तथा 18,729 करोड़ की बढ़त दर्शायी. घरेलू कासा जमाराशियों का प्रतिशत गत वर्ष के 39.44% से बढ़कर 41.18% हुआ. इन जमाराशियों में निरंतर वृद्धि के लिए हमने विविध तबके के ग्राहकों से सुसंगत नकदी प्रबंधन, संपदा प्रबंधन जैसे नये उत्पादों का प्रारम्भ करते हुए कई कदम उठाए और टैबलेट के माध्यम से खाते खोलने, मोबाइल बैंकिंग एवं एम-पासबुक का शुभारंभ, संपदा प्रबंधन के लिए मोबाइल एप का प्रारंभ, हमारे ई-भुगतान उत्पादों (आरटीजीएस, आईएमपीएस, यूपीआई) को मजबूत बनाने, मल्टीपल भुगतान एग्रिगेटरों के साथ टाई-अप, वैविध्यपूर्ण डेबिट कार्ड का प्रारंभ, हमारे क्रेडिट कार्डों की रि-ब्रांडिंग आदि जैसे प्रक्रियाओं के डिजिटाइज़ करने वाले असंख्य उपाय किए. वर्ष के दौरान कुल घरेलू जमाराशियों में बैंक के पास अतिरिक्त तरलता की पृष्ठभूमि में 6.11% की निम्नदर पर वृद्धि हुई.

ऋण

रूपान्तरण पहलों के निष्पादन के आकार लेने के साथ बैंक ने प्रगति के पथ पर अपनी यात्रा जारी रखी. वित्तीय वर्ष 2018 के दौरान घरेलू ऋण-वृद्धि 17% रही, जो बैंकिंग प्रणाली गैर-खाद्यान्न ऋण वृद्धि छह प्रतिशत पाइंट से उच्च रही. यह 42% की खुदरा ऋण वृद्धि एवं 16% की कॉर्पोरेट ऋण वृद्धि के कारण हुआ. खुदरा ऋण बही का विस्तार 48% की आवास-ऋण वृद्धि से हुआ. ऋण बही में खुदरा ऋणों का हिस्सा 31 मार्च, 2017 के 19.5% से बढ़कर 31 मार्च, 3018 को 23.5% पर पहुंचा. बैंक ने निरंतर खुदरा एवं कारपोरेट ऋण वृद्धि की नींव को मजबूत बनाया.

बैंक एमएसएमई एवं कृषि-ऋणों के रुप में प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को ऋण देने के सरकार के उद्देश्यों के समर्थन में सार्थक भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध है. एमएसएमई ऋण गत वर्ष के ₹ 48,545 करोड़ के स्तर से बढ़ कर 31 मार्च, 2018 को ₹ 51,730 करोड़ पर पहुंचे. कृषि ऋण गत वर्ष ₹ 47,297 करोड़ थे, जो 31 मार्च, 2018 को बढ़ कर ₹ 49,583 करोड़ पर पहुंचे.

अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय

सतर्क कार्यनीति के एक भाग के रूप में, बैंक के कुल व्यवसाय में अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय का योगदान 31 मार्च, 2016 के 31.30% से घटकर 31 मार्च,2017 को 27.14% तथा 31 मार्च, 2018 तक 22.33% हो गया. वित्त वर्ष 2018 में जमाराशियां ₹ 34,242 करोड़ से कम हुई, जिससे प्लेसमेंट आस्तियां ₹ 34,011 करोड़ तक घट गई. ऋण-बही में 2.4% की गिरावट आई है. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का निवल ब्याज मार्जिन (एनआयएम) वित्तीय वर्ष 2016 के 0.88% से बढ़कर वित्त वर्ष 2017 में 1.05% और वित्त वर्ष 2018 में 1.10% हो गया है.

आस्ति की गुणवत्ता

वर्ष के दौरान, बैंकिंग क्षेत्र दबावग्रस्त आस्तियों में फंसा रहा है. दिवाला और दिवालियापन संहिता (आईबीसी) परिचालित हुआ. नियामक कानून द्वारा सशक्त, बैंकों को राष्ट्रीय कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) में आईबीसी व्यवस्था के अंतर्गत बैंकिंग प्रणाली के एनपीएल के एक महत्वपूर्ण हिस्से को कवर करने वाले कुछ बड़े मूल्य के एनपीएल का समाधान करना अनिवार्य है. भारतीय रिज़र्व बैंक ने पूर्व योजनाओं जैसे एसडीआर, एस 4 ए, 5/25, सीडीआर, आदि के बाहर स्वामित्व में परिवर्तन और आईबीसी के साथ जोड़ते हुए दबावग्रस्त आस्तियों के समाधान के लिए रूपरेखा में संशोधन करने के बाद मार्च 2018 को समाप्त तिमाही में बैंकिंग प्रणाली के एनपीएल में और वृद्धि हुई है. उपरोक्त पृष्ठभूमि में, बैंक की सकल अनर्जक आस्तियां जो 31 मार्च 2017 को ₹ 42,719 करोड़ थीं, दिनांक 31 मार्च 2018 को बढ़कर ₹ 56,480 करोड़ हो गई. बैंक की सकल अनर्जक आस्तियों एवं निवल अनर्जक आस्तियों के बीच का अनुपात क्रमशः 12.26% एवं 5.49% था. वर्ष के दौरान ₹ 5,433 करोड़ की वसूली एवं अपग्रेड थे. तकनीकी राइट ऑफ खातों से प्राप्त वसूली ₹ 621 करोड़ रही, जो पिछले वर्ष ₹ 327 करोड़ की तुलना में अधिक रही. यहाँ यह बताना आवश्यक है कि बैंक की कुल दबावग्रस्त बही की स्थिति व्यापक रुप से वही बनी रही है, केवल उनकी श्रेणियों में परिवर्तन हुआ है.

विवेकपूर्ण दृष्टिकोण अपनाते हुए, बैंक ने इन आस्तियों के पेटे उच्च प्रावधान कवरेज करना जारी रखा है, जो आपके बैंक के तुलन-पत्र को मजबूती प्रदान करता है. टेक्निकल राइट-ऑफ्स (टीडबल्यूओ) सहित प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) दिनांक 31 मार्च, 2017 के 66.83% की तुलना में 31 मार्च, 2018 को बढ़ कर 67.21% हो गया है. टीडबल्यूओ के बिना पीसीआर पिछले वर्ष के अंत के 57.68% की तुलना 31मार्च, 2018 को 58.42% पर रहा. यह अनुपात समकक्ष बैंकों में सर्वाधिक हैं.

एनसीएलटी में बड़े एनपीएल खातों के समाधान पर भारतीय रिज़र्व बैंक के संशोधित दिशानिर्देशों के जारी होने के बाद निर्धारण का अंतिम स्टेज के पूरा होने के साथ ही तथा उच्च प्रावधान कवरेज सहित वित्त वर्ष 2019 में इसे मूर्त रूप दिए जाने की उम्मीद है, यह आस्ति गुणवत्ता संबंधी मामलों को पीछे छोड़ते हुए बैंक को आगे बढ़ाने में मदद करेगा.

परिचालनगत कार्यनिष्पादन

बैंक के परिचालन गत कार्यनिष्पादन में वित्त वर्ष 2018 में भी सुधार हुआ हैं. ब्याज आधारित आय एवं शुल्क आधारित आय दोनों में वृद्धि के चलते परिचालनगत लाभ वित्तीय वर्ष 2017 के ₹ 10,975 करोड़ की तुलना में वित्तीय वर्ष 2018 में ₹ 9.39% की वृद्धि करते हुए ₹ 12,006 करोड़ पर पहुंचा. सुदृढ़ ऋण-वृद्धि एवं विवेकपूर्ण देयता प्रबंधन के कारण जमाराशियों पर ब्याज में 2.90% की कमी तथा अग्रिमों पर ब्याज आधारित आय में 5.62% की वृद्धि के द्वारा बैंक की मुख्य आय, यथा निवल ब्याज आय (एनआईआई) 14.87% से बढ़ कर ₹ 15, 552 करोड़ हुई. गैर-ब्याज आय गत वर्ष के ₹ 6,758 करोड़ की तुलना में ₹ 6,657 करोड़ रही और दूसरी छःमाही में बॉन्ड -अर्जन में सख्ती के कारण ट्रेजरी अर्जन 28.27% की कमी से प्रभावित रहा. यद्यपि भारतीय रिज़र्व बैंक ने बैंकों को चार तिमाहियों के मार्क-टू मार्केट पोर्टफोलियो हानि को बांट देने की अनुमति दी थी, परंतु आपके बैंक ने वर्ष के दौरान सरकारी प्रतिभूतियों पर एमटीएम हानि नहीं की. कोर शुल्क आय में 14% की वृद्धि हुई. वित्तीय वर्ष 2017 में 2.19% की तुलना में वैश्विक एनआयएम वित्तीय वर्ष 2018 में 2.43% तक सुधरा. घरेलू परिचालन हेतु भी एनआयएम पिछले वर्ष के 2.64% से बढ़कर 2.88% हुआ.

वर्ष के दौरान परिचालनगत खर्चों में 9.43% की बढ़ोतरी हुई; मुख्य बढ़ोतरी पुनर्मूल्यांकित नियत आस्तियों पर मूल्यह्रास रहा है. तथापि, लागत-आय का अनुपात 45.87% पर स्थिर रहा है.

बैंक ने एनपीए के लिए वित्तीय वर्ष 2017 में ₹ 7,680 करोड़ की तुलना में इस वर्ष के दौरान ₹ 14,212 करोड़ की बड़ी राशि उपलब्ध कराई. इसके फलस्वरुप, बैंक ने 2016-17 में ₹ 1,383 करोड़ के निवल लाभ की तुलना में ₹ 2,432 करोड़ की निवल हानि दर्ज की है.

पूंजी

बैंक का 31 मार्च, 2018 को 12.13% का पूंजी पर्याप्तता अनुपात नियामक आवश्यकताओं से अधिक रहा है. यह भारत सरकार द्वारा इक्विटी के रूप में ₹ 5,375 करोड़ जोड़ने तथा अतिरिक्त टायर-1 बांड जारी करके ₹ 1,350 करोड़ प्राप्त करने से मजबूत हुआ था. टायर-1 पूंजी अनुपात 10.46% का था और कॉमन इक्विटी टायर-1 (सीईटी) 9.23% था. समेकित ग्रुप पूंजी पर्याप्तता अनुपात 12.87% ज्यादा था.

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंको के पुर्नपूंजीकरण के साथ, भारत सरकार द्वारा निश्चित कार्य योजना के साथ सुधार एजेंडा का निर्धारण किया गया है. पहले बताए गये अनुसार सुधार एजेंडा के अंतर्गत अधिकतर कार्ययोजनाओं सहित कई रुपांतरण चरणों के साथ आपका बैंक ग्राहकों एवं अन्य हितधारकों के साथ मजबूत फ्रेंचाइज़ी के दम पर गुणवत्ता परक वृद्धि करने में सफल रहा.

हमारा भावी प्रयास

हाल के आर्थिक संकेतों ने अर्थव्यवस्था में स्थिर बढ़त की ओर स्पष्ट संकेत किया है. व्यवस्था के तहत साख वृद्धि में सुधार हो रहा है. सकल नियत पूंजी निर्माण द्वारा मापी गयी निवेश गतिविधि डबल डिजिट तक बढ़ गयी है. बैंक सुधरती वृहत्-आर्थिक दशा का लाभ प्राप्त करने के लिए अच्छी स्थिति में है. संतोषजनक पूंजीगत स्थिति तथा ऋण खाते में दबावग्रस्त ऋण में भावी सुधार के साथ, हमारे व्यापक रूपान्तरण कार्यक्रम के बचे हुए हिस्से के कार्यान्वयन पर ध्यान देते हुए हम गुणवत्तापूर्ण और लाभप्रद व्यावसायिक वृद्धि प्राप्त करने के अपने चयनित रास्ते पर लगातार आगे बढ़ रहे हैं. ग्राहक और कर्मचारी की संतुष्टि में बढ़ोतरी करना हमारी प्राथमिकता रहेगी.

मैं निदेशक मण्डल के अध्यक्ष श्री रवि वेंकटेसन तथा निदेशक मंडल के सभी सदस्यों का उनके बहुमूल्य समर्थन तथा हमारे प्रयासों को दिशा देने हेतु अभिवादन करता हूं. मैं अपने सभी कर्मचारियों को उनकी मेहनत, समर्पण और प्रतिबद्धता हेतु उन्हें धन्यवाद देता हूं. हम आगे भी आपके संरक्षण, समर्थन एवं सद्भाव की आशा करते हैं.

पी. एस. जयकुमार

पी एस जयकुमार
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

MD & CEO'S STATEMENT

P S Jayakumar
Managing Director and CEO

Dear Stakeholder,

It is with a great pleasure that I present before you the highlights of Bank's performance during the financial year 2017-18. Details of the achievements and initiatives taken are provided in the Annual Report.

Macro-Economic Overview

Global economic recovery gathered momentum with a broad based growth in 2017. Indian economic fundamentals continued to improve. FY 2018 has been eventful for the Indian economy with number of structural measures initiated by the Government leading to growth in formal economy and an environment for long term growth. The implementation of GST, the biggest taxation reform in post-independent India promotes productivity by removing barriers to inter-state trade and will lead to benefits to the economy in the long run. GST, Aadhar, targeted delivery of benefits through the Direct Benefit Transfer (DBT) and digitization thrust are leading towards further formalization of the economy.

On the banking scenario, major step taken by the Government was recapitalizing the public sector banks with an infusion plan of ₹ 2.11 lakh crore which should help address the issue of non-performing loans (NPLs) and ease the lending constraints thereby contributing to growth. The year saw implementation of Insolvency and Bankruptcy Code (IBC) enacted during previous year. This has made the resolution of stressed assets possible within defined time frame and has changed the paradigm of NPL resolution mechanism for the banks. Though the NPLs of the banking system increased in quarter ended in March 2018 impacting the profitability in near term after RBI revised the framework for resolution of stressed assets dismantling earlier mechanisms to deal stress, this marks the final stage of multi-year initiatives of RBI to recognize problem assets more accurately. Going forward, cleaner and recapitalized balance sheets should help banks to move forward. With this step, RBI is also preparing the banking system for implementation of Ind-AS from the next financial year.

बैंक ने तीन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंको (आरआरबी) को प्रायोजित किया है: बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक तथा बड़ौदा गुजरात ग्रामीण बैंक तीनों आरआरबी के समग्र व्यवसाय में 10.5% की वृद्धि हुई जो 31 मार्च 2017 के ₹ 49,854 करोड़ से बढ़कर 31 मार्च 2018 को ₹ 55,064 करोड़ हो गया. तीनों आरआरबी ने समेकित रुप से गत वर्ष के ₹ 202.3 करोड़ के लाभ की तुलना में वित्त वर्ष 2018 में ₹ 208.6 करोड़ का लाभ दर्ज किया. तीनों आरआरबी के समेकित नेटवर्थ में सुधार हुआ हैं जो 31मार्च 2017 को ₹ 2,221.9 करोड़ से बढ़कर 31 मार्च 2018 को ₹ 2,401.7 करोड़ हो गया.

वित्तीय समावेशन (एफआई)

समाज के सभी वर्गों विशेषकर ग्रामीण /शहरी गरीबों को वहनीय लागत पर सामान्य बैंकिंग सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बैंक ने वित्तीय समावेशन को एक सामाजिक उत्तरदायित्व के रुप में स्वीकार किया है और साथ ही इसे संवहनीय आईसीटी आधारित सुपुर्दगी चैनल के माध्यम से कारोबार में वृद्धि के एक अवसर के रुप में भी माना है. बैंक अपनी शाखाओं और बीसी नेटवर्क के माध्यम से पूरे देश में वित्तीय समावेशन की दिशा में सक्रिय रुप से कार्य कर रहा है. बैंक रहित क्षेत्रों में सेवा प्रदान करने के लिए प्रौद्योगिकी की मदद से नवोन्मेषी पहलों को लागू किया जा रहा है. बैंक ने पूरे देश के 21,826 गाँवों-अर्ध शहरी और शहरी क्षेत्रों में सेवा प्रदान करने के लिए 14,659बीसी को तैनात किया है.

31 मार्च 2018 को वित्तीय समावेशन के अंतर्गत रू 9,689 करोड़ जमाराशि के साथ कुल खातों की संख्या 312 लाख रहीं. वर्ष के दौरान इन खातों में औसत शेषराशि रू 3,105 करोड़ रही. शून्य शेष राशि वाले खातों की संख्या 16.9% से घट कर 11.5% हो गयीं. वर्ष के दौरान वित्तीय समावेशन खाते के माध्यम से आहरित राशि रू 58, 033 करोड़ रही तथा व्यवसाय प्रतिनिधियों के द्वारा किया गया आहरण रू 2, 229 लाख रहा.

सरकार के डिजीटल कार्यक्रम के साथ वित्तीय समावेशन के प्रोत्साहन के लिए बैंक ने कई पहलें की हैं जिनमे निम्नलिखित शामिल है:

- टैबलेट और खाता खोलने के कियोस्क के माध्यम से पिन जनेरेशन के साथ आधार दर्ज करते हुए, डिजिटलीकृत त्वरित खाता खोलने के साथ ही साथ डेबिट कार्ड जारी करना.
- नकदी कम करने में पूरे ग्रामीण समुदाय को सहायता प्रदान करने वाला एक व्यापक मोबाइल बैंकिंग समाधान;
- वैकल्पिक डिलिवरी चैनलों जैसे एटीएम, एसएमएस, इंटरनेट, बीसी केन्द्रों के माध्यम से आधार सीडिंग;
- बीसी के माध्यम से ग्रामीण इलाकों में सूक्ष्म और टेबल-टॉप एटीएम लगाना;

- बीसी मॉडल का विस्तार;
- एसएचजी / जेएलजी आधारित वित्तपोषण की शुरुआत;
- एनपीए एवं पीडब्ल्यूओ खातों सहित छोटे ऋण खातों में जमा संग्रहण, फॉलोअप एवं वसूली जैसी बीसी सेवाओं के दायरे का विस्तार करना और वित्तीय रुप से व्यवहार्य रहने में उन्हें सक्षम बनाने के लिए विशेष प्रोत्साहन प्रदान करना;
- इंटरनेट बैंकिंग और एसएमएस इत्यादि के माध्यम से पीएमएसबीवाई और पीएमजेजेबीवाई जैसी माइक्रो बीमा योजनाओं के नामांकन की सुविधा देना
- 14,659 बीसी और 4 लाख पीओएस टर्मिनलों के साथ अत्यधिक कैश-इन कैश-आउट नेटवर्क, बैंक खातों के उपयोग को बढ़ाना में सहायता करना.

बीसी केन्द्र पर उपलब्ध कराए जा रहे उत्पाद/ सेवाएं ई-केवाईसी समर्थित हैं जिसमें बीएसबी खाते, सावधि जमा और आवर्ती जमा खाते खोलना, नकदी निकासी, नकदी जमा और थर्ड पार्टी ट्रांससर सहित निधि अंतरण, तत्काल भुगतान सेवा (आईएमपीएस), आधार समर्थित भुगतान प्रणाली (एईपीएस लेनदेन), रुपे कार्ड आधारित लेनदेन, चालू, नकद जमा, ओडी एवं ऋण खाते में जमा, सूक्ष्म बीमा - पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई और अटल पेंशन योजना के लिए नामांकन, आधार सीडिंग सह प्रमाणीकरण और मोबाइल सीडिंग शामिल है.

शहरी वित्तीय समावेशन:

ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों के अलावा गांवों से शहरी इलाकों में प्रवासियों सहित शहरी गरीबों की बड़ी आबादी है जिनकी औपचारिक बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच नहीं है. उन्हें औपचारिक बैंकिंग प्रणाली के दायरे में लाने के लिए हमारे बैंक ने देश भर में विभिन्न स्थानों पर कियोस्क मॉडल के तहत 9,177 शहरी बीसी तैनात किए हैं.

वित्तीय समावेशन के तहत हमारे कार्यनिष्पादन संबंधी मुख्य बिन्दु:

- बैंक ने बीसी आउटलेट्स के संबंध में वित्तीय वर्ष 2018 के लिए तय किए गए लक्ष्य को पार कर 107.46% की उपलब्धि दर्ज की है.
- बैंक ने शाखाओं के माध्यम से बीएसबीडी खाते खोलने एवं इसके तहत राशि के लिए वित्तीय वर्ष 2018 हेतु तय लक्ष्य का 86.19% और 126.01% प्राप्त किया है.
- बैंक ने बीसी पॉइंट्स के माध्यम से बीएसबीडी खाते खोलने एवं इसके तहत राशि के लिए वित्तीय वर्ष 2018 हेतु तय लक्ष्य का 195.76% एवं 237.23% प्राप्त किया है.

वर्ष के दौरान, बैंक को वित्तीय समावेशन के तहत की गई पहलों के लिए बैंकिंग फ्रंटियर्स द्वारा बैंकिंग फिनोविटी अवार्ड 2017 से सम्मानित किया गया.

पीएमजेडीवाय के अंतर्गत कार्यनिष्पादन की मुख्य विशेषताएं

पीएमजेडीवाय के अंतर्गत बैंक में गत वर्ष के अंत के 196.40 लाख खातों की तुलना में 21.9% की वृद्धि के साथ 31 मार्च, 2018 को 239.29 लाख खाते हैं. वृद्धिगत पीएमजेडीवाय खातों में बैंक के मार्केट शेयर एवं इन खातों में जमा शेष का प्रतिशत क्रमश: 10.4% एवं 9.4% था, पीएमजेडीवाय में जमाशेष राशि 31 मार्च, 2018 को ₹ 6,595 करोड़ थी, जबकि गत वर्ष के अंत में यह ₹ 4,747 करोड़ थी. यह वृद्धि 38.9% रही. पीएमजेडीवाय खातों के अंतर्गत जारी रुपे डेबिट कार्ड 184.78 लाख से बढ़ कर 221.50 लाख हो गए. पीएमजेडीवाय खातों के अंतर्गत आधार सीडिंग इस वर्ष 72.87% से बढ़ कर 83.91% हुआ.

सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत नामांकन

सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत नामांकन की स्थिति 31 मार्च, 2018 को निम्नानुसार रही:

विवरण (लाख में)	तक नामांकन	
	31.03.17	31.03.18
प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना	44.37	59.52
प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना	15.88	18.14
अटल पेंशन योजना	3.56	6.33

आधार नामांकन केंद्रों की स्थापना

भारत सरकार के राजपत्रित अधिसूचना दिनांकित 14 जुलाई, 2017 अनुसार बैंकों को प्रत्येक 10 शाखाओं में से न्यूनतम एक शाखा में बैंक के शाखा परिसर के अंदर आधार नामांकन और अद्यतन केंद्र स्थापित करने का अधिदेश दिया गया है. तदनुसार, हमारे बैंक ने अपनी शाखाओं में यथा 31 मार्च, 2018 को 550 से अधिक आधार नामांकन केंद्र स्थापित किये हैं.

अंतर्राष्ट्रीय परिचालन

अंतर्राष्ट्रीय मंच पर बैंक ने अपने भारतीय कार्पोरेट के साथ के अपने संबंधों का आश्रय ले कर, भारतीय एवं स्थानीय निगमित कंपनियों/फर्मों के लिए भारत से जुड़े क्रॉस-बॉर्डर व्यापार को सेवाएं देने तथा एनआरआई भारतीय मूल के व्यक्तियों का पसंदीदा बैंक बन कर वृद्धि और मूल्य को आगे बढ़ाने की कार्यनीति अपनाई.

हमारे बैंक ने विश्व के 24 देशों में 106 शाखाओं / कार्यालयों के माध्यम से अपनी अंतर्राष्ट्रीय उपस्थिति दर्ज कराई है. 16 देशों में बैंक की 59 शाखाएं हैं जबकि बैंक के 8 अनुषंगियों के माध्यम से 47 शाखाएं परिचालित हैं. वर्ष के दौरान बैंक ने गिफ्ट सिटी (एसईजेड), गांधीनगर , गुजरात में अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) में ऑफशोर इंटरनेशनल बैंकिंग इकाई (आईबीयू) का शुभारंभ किया है. बैंक के पास दो संयुक्त उद्यम हैं यथा, जांबिया में इंडो जांबिया बैंक लि., जिसकी 31 शाखाएं हैं तथा मलेशिया में इंडिया इंटरनेशल बैंक (मलेशिया) बीएचडी, जिसकी एक शाखा है.

वित्तीय वर्ष 2018 के दौरान बैंक ने अपनी अंतर्राष्ट्रीय उपस्थिति की व्यापक मूल्यांकन फ्रेमवर्क के आधार पर नीतिगत समीक्षा की और परिचालनों को युक्तिसंगत बनाने का निर्णय लिया. इसी प्रक्रिया के एक भाग के रुप में, बैंक ने बैंकॉक में अपने प्रतिनिधि कार्यालय को तथा यूएई में एक इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग सर्विस इकाई को बंद कर दिया. इसी प्रकार बहमास एवं बहरीन की शाखाओं को बंद करने की प्रक्रिया चल रही है. बैंक ने दक्षिण अफ्रीका में परिचालन बंद करने का निर्णय लिया है,. वर्ष के दौरान सिंगापुर शाखा का होलसेल बैंकिंग इकाई में उन्नयन हुआ है, परिणामस्वरुप यह स्थानीय मुद्रा में भी व्यवसाय करने में समर्थ हो जाएगी.

वर्ष के दौरान बैंक ने अनिवासी भारतीयों के खातों के रखरखाव के लिए एक केन्द्रीकृत बैक ऑफिस की स्थापना की.

31 मार्च, 2018 तक अंतर्राष्ट्रीय परिचालनों के अंतर्गत बैंक का कुल व्यवसाय ₹2,27,534 करोड़ रहा जो वैश्विक व्यवसाय का 22.33% रहा. कुल जमाराशियां ₹ 1,24,341 करोड़ रहीं जबकि निवल अग्रिम ₹ 1,03,193 करोड़ रहा. बैंक ने अपने पोर्टफोलियो के पुन: संतुलन हेतु सतत् प्रयास को जारी

रखा. जमाराशियों में 23.1% की वृद्धि हुई जिससे निम्न लाभ वाली आस्तियां कम हुईं. ऋण बही में भी 2.4% की कमी आयी. मार्च 2018 को समाप्त तिमाही में भारतीय रिज़र्व बैंक ने भारतीय बैंकों द्वारा एलओयू/ एलओसी जारी करने पर रोक लगा दी, जिसने अंतर्राष्ट्रीय उपस्थिति वाले बैंकों के क्रेता क्रेडिट पोर्टफोलियो को प्रभावित किया. तदनुसार वित्तीय वर्ष 2019 में भी अंतर्राष्ट्रीय ऋण बही में कमी आएगी. बैंक लगातार नए वैश्विक वातावरण के अनुसार अंतर्राष्ट्रीय परिचालनों में अपनी कार्यनीति में परिवर्तन कर रहा है.

31 मार्च, 2018 तक कुल अंतर्राष्ट्रीय ऋण-बही में क्रेता क्रेडिट/ बीपी/ बीडी पोर्टफोलियो की हिस्सेदारी 43% रही जहां एक्पोजर प्रतिपक्ष बैंक के पास रहा. ईसीबी/ सिंडिकेटेड ऋण के जरिए बही का 24% भारतीय कॉर्पोरेट्स के पास रहा. सिंडिकेटेड ऋण के जरिए गैर-भारतीय इकाइयों का एक्पोजर 7% रहा एवं शेष 26% एक्सपोजर स्थानीय क्रेडिट के रुप में रहा.

यूके अनुषंगी

बैंक अपने रिटेल व्यवसाय में वृद्धि करने की दिशा में यूके में अनुषंगी के गठन की प्रक्रिया में काफी आगे पहुंच चुका है तथा इस संबंध में आवश्यक विनियामक मंजूरी प्राप्त हो गई है.

ट्रेजरी परिचालन

मुंबई में बैंक का ट्रेजरी परिचालन बाजार के विभिन्न घटकों जैसे विदेशी विनिमय, स्थायी आय, मुद्रा बाजार, डेरिवेटिव्स, इक्विटी, मुद्रा एवं ब्याज दर फ्यूचर्स एवं अन्य वैकल्पिक आस्ति श्रेणियों में प्रमुख भूमिका निभा रहा है. ट्रेजरी अपने ग्राहकों को जोखिम प्रबंधन हेतु विभिन्न उत्पाद जैसे वायदा संविदा, ब्याज दर अदला-बदली (स्वैप), मुद्रा स्वैप, मुद्रा विकल्पों आदि की सुविधा उपलब्ध करवाता है.

ट्रेजरी, बैंक के निधि प्रबंधन हेतु उत्तरदायी है. साथ ही यह इन निधियों की सुरक्षा, तरलता एवं उनपर इष्टतम लाभ भी सुनिश्चित करता है. इसके अलावा यह सांविधिक आरक्षित निधियों की आवश्यकताओं को भी संरक्षित रखता है. यह फंड प्रबंधन की भूमिका में कॉर्पोरेट्स बॉन्ड्स, व्यावसायिक पेपर्स, इक्विटी, उद्यम पूंजी, म्युचुअल फंड आदि में भी निवेश करता है.

31 मार्च, 2018 को बैंक की घरेलू निवेश बही ₹ 1,55,514 करोड़ रही. कुल निवेश में एसएलआर प्रतिभूतियों का शेयर 86.7% रहा. एनडीटीएल के सापेक्ष एसएलआर प्रतिभूतियां 28.10% रहीं.

सरकारी कारोबार

सरकारी कारोबार बैंक की कार्यनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है. इसके माध्यम से पूरे भारत में हमारी शाखाओं के द्वारा पेंशन भुगतान के अलावा केंद्र/राज्य सरकार और सार्वजनिक उपक्रम की बैंकिंग आवश्यकताओं को पूरा किया जाता है. बैंक अपनी नामित शाखाओं के द्वारा प्रत्यक्ष कर संग्रह करने के लिए अधिकृत है तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय का यह एक मान्य सहयोगी बैंक है.

बैंक भारत सरकार की डिजिटल पहल के अनुरुप केंद्र और राज्य स्तर पर कई विभागों के साथ ई-समाधान उपलब्ध कराने के लिए साझेदारी कर रहा है जिससे पारदर्शिता एवं कार्यक्षमता में तेजी आई है. बैंक नीतिपरक साझेदार के रुप में कई नए डिजिटल पहलों में सहयोग कर रहा है.

बैंक ने गैर-कर राजस्व पोर्टल (एनटीआरपी)/सार्वजनिक निधि प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) के तहत अधिकारिक रुप से जीएसटी के संग्रहण करने एवं समूहक के रुप में कार्य करना आरंभ कर दिया है.

बैंक ने वर्ष के दौरान सारे राज्यों के पेंशन संबंधित भुगतान को 6 केंद्रीय पेंशन प्रोसेसिंग केन्द्रों (सीपीपीसी) के माध्यम से केंद्रीकृत करने का कार्य पूरा कर लिया है. बैंक 2.60 लाख से अधिक पेंशनभोगियों को सेवा प्रदान कर रहा है.

धन संपदा प्रबंधन

वर्ष के दौरान बैंक ने अलग-अलग तरह के ग्राहकों को धन संपदा प्रबंधन सेवाएं प्रदान करना आरंभ किया तथा अपने समर्पित संबंधपरक प्रबंधकों के माध्यम से चयनित शहरों में एचएनआई ग्राहकों को सेवा प्रदान करने के लिए 'बड़ौदा रेडियंस' को आरंभ किया है. बैंक सेवाओं में तेजी से विस्तार के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाएं तैयार कर रहा है. ग्राहक अनुकूल उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराने के लिए बैंक ने म्यूचुअल फंड के क्षेत्र में कार्यरत कंपनियों के साथ साझेदारी को और आगे बढ़ाया है. इसके अलावा बैंक ने गैर-जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा कंपनियों के साथ कॉर्पोरेट एजेंसी समझौते भी किए हैं जो जीवन बीमा के क्षेत्र में अपने संयुक्त उद्यम अर्थात् इंडिया फर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के साथ किए गए समझौते के अलावा है.

बैंक ने 'एम-इन्वेस्ट' नामक एक मोबाइल ऐप को शुरू किया है जो म्यूचुअल फंड में निवेश के लिए कागज रहित केवाईसी, लक्ष्य आधारित निवेश, शोध आधारित सिफारिशें और इसके माध्यम से ही सीधी लेनदेन की प्रक्रिया को पूरा करने की सुविधा उपलब्ध कराता है. बैंक एक समर्पित धन संपदा प्रबंधन समाधान भी लागू कर रहा है.

वित्त वर्ष 2018 के दौरान धन संपदा प्रबंधन उत्पादों से प्राप्त शुल्क आधारित आय में 91% की वृद्धि दर्ज की गई है.

दबावग्रस्त आस्ति प्रबंधन

पिछले कुछ वर्षों से अनर्जक आस्तियों का प्रबंधन बैंकिंग जगत के लिए सबसे बड़ी चुनौती बना हुआ है.

वर्ष के दौरान दिवाला एवं दिवालियापन अधिनियम (आईबीसी) प्रभावी हो गया. दबावग्रस्त आस्तियों के निपटान के लिए यह एक पारदर्शी प्रक्रिया उपलब्ध कराता है. विधायी संशोधन द्वारा रिज़र्व बैंक को आईबीसी के तहत आस्तियों के निपटान के लिए बैंकों को स्पष्ट दिशानिर्देश जारी करने का अधिकार प्राप्त हुआ. तदनुसार, रिज़र्व बैंक ने बैंकों को यह निदेश दिए कि वे आईबीसी के तहत निपटान के लिए उच्च राशि वाले एनपीए को नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) में ले जाएं. आईबीसी के तहत बैंकिंग जगत के एनपीए का एक बड़ा हिस्सा प्रक्रियाधीन है.

आईबीसी के तहत निपटान प्रक्रिया के अनुरुप निपटान हेतु रिज़र्व बैंक द्वारा जारी संशोधित फ्रेमवर्क तथा निपटान के लिए पहले से मौजूद योजना जैसे कि एस4ए, एसडीआर, 5/25, सीडीआर को वापस लेने और जेएलएफ़ की प्रक्रिया को भी बंद करने के चलते बैंकिंग जगत के एनपीए पर काफी प्रभाव पड़ा है.

भारत सरकार ने उत्तरदायी एवं जवाबदेह सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के लिए अपने सुधार कार्यक्रम के तहत बैंकों को दबावग्रस्त आस्ति प्रबंधन वर्टिकल (एसएएमवी) की स्थापना करने का निर्देश दिया है. बैंक के पास दबावग्रस्त आस्तियों के प्रबंधन के लिए एक समर्पित वर्टिकल है. तीन महाप्रबंधकों की सहायता से कार्यपालक निदेशक दबावग्रस्त आस्तियों के प्रभारी के रुप में सम्पूर्ण दबावग्रस्त आस्ति बही का कार्य देखते हैं. दबावग्रस्त आस्ति के निपटान तथा वसूली एवं संग्रहण की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए बैंक ने उच्च राशि वाली दबावग्रस्त आस्तियों के निपटान के लिए एक विशेषीकृत कक्ष की स्थापना करने, विधिक वॉर-रूम की स्थापना करने, एमएसएमई एवं रिटेल ऋण के लिए समर्पित संग्रहण केन्द्रों की स्थापना करने,

अलग से इन-हाउस टास्क फोर्स की स्थापना करने, ऋणों के एकबारगी निपटान हेतु विशेष योजना को शुरूकरने, बैंक को प्रभारित आस्तियों की मेगा ई-नीलामी की व्यवस्था करने एवं विशेष रुप से चिन्हित उच्च राशि वाले खातों का एसएएमवी में माइग्रेशन करने आदि जैसे कई कदम उठाए हैं.

पिछले दो वर्षों के दौरान बैंक के एनपीए में निम्नानुसार वृद्धि हुई है :

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.17	31.03.18
सकल एनपीए	42,719	56,480
सकल एनपीए %	10.46%	12.26%
निवल एनपीए	18,080	23,483
निवल एनपीए %	4.72%	5.49%
एनपीए में वृद्धि	13,312	24,239
वसूली /अपग्रेडेशन	6,766	5,530
टीडब्ल्यूओ सहित बट्टे खाते डालना	4,348	4948
बट्टे खाते डाले गए खातों में वसूली	327	621
प्रावधान कवरेज अनुपात् (टीडब्ल्यूओ सहित) (%)	66.83%	67.21%
प्रावधान कवरेज अनुपात (टीडब्ल्यूओ को छोड़कर) (%)	57.68%	58.42%

बैंक ने तुलन पत्र को मजबूत करने के लिए नियमित रुप से एनपीए के लिए उच्च प्रावधान कवरेज जारी रखा है. बैंक का अपने समकक्ष बैंकों की तुलना में कवरेज अनुपात सबसे ज्यादा है.

अस्ति वर्गीकरण के अनुसार बैंक के अग्रिम पोर्टफोलियो का विवरण निम्नानुसार है :

(₹ करोड़ में)

आस्ति वर्गीकरण	31.03.17	31.03.18
मानक अग्रिम	3,65,792	4,04,264
सकल एनपीए	42,719	56,480
कुल अग्रिम (सकल)	**4,08,511**	**4,60,744**
सकल एनपीए जिसमें		
अवमानक	8,804	13,131
संदेहास्पद	29,186	35,447
हानि	4,729	7,903
कुल सकल एनपीए	**42,719**	**56,480**

वर्ष के दौरान बैंक ने 24,362 खातों में एक बार में निपटान को अनुमोदित किया. कुल 195 आस्तियां ई-नीलामी में बेची गई, 304 ऋणकर्ताओं को इरादतन चूककर्ता के रुप में घोषित किया गया और अन्य 160 ऋणकर्ताओं को कारण दर्शाओ नोटिस जारी किए गए.

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी)

बैंक ग्राहक केंद्रीयता के लिए सूचना प्रौद्योगिकी का अधिकतम उपयोग करने में पूर्ण विश्वास रखता है. कारोबारी क्षमताओं के लिए कारोबार की प्रक्रियाओं का विश्वनीय होना बहुत जरूरी है. बैंक क्षमता निर्माण के लिए सूचना प्रौद्योगिकी से संबंधित बुनियादी सेवाओं को लगातार अपग्रेड कर रहा है.

बैंक ने ग्राहकों को मूल्यवर्धित सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए प्रौद्योगिकी समर्थित कई कारोबारी पहलों को लागू किया है. इनमें से कुछ सेवाएँ निम्नलिखित हैं :

- बैंक के कोर बैंकिंग प्लेटफॉर्म का उन्नयन तथा इसके बाद कई प्रकार के प्रौद्योगिकीय अपग्रेड सहित विभिन्न डिजिटल एप्लिकेशन के साथ इसका इंटेग्रेशन जो कई चैनलों के साथ निर्बाध रुप से कार्य करते हैं.
- ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अत्याधुनिक डिजिटल सप्लाई चेन फाइनेंसिंग सोलूशन को आरंभ करना. यह शुरू से अंत तक निर्बाध रुप से चलने वाली स्वचालित प्रोसेसिंग प्रक्रिया है जिसके पास वास्तविक समय आधारित अलर्ट और रिपोर्ट जेनरेट करने की क्षमता है.
- डिजिटल नकदी प्रबंधन समाधान अर्थात् बड़ौदा डिजिनेक्स्ट को आरंभ करना जो ग्राहकों को नकदी प्रबंधन को डिजिटलीकरण के माध्यम से कार्यशील पूंजी में दक्षता प्राप्त करने में सहायता प्रदान करता है.
- टैब बैंकिंग की शुरुआत कर उसके माध्यम से खाते के रख-रखाव का डिजिटलीकरण करना. इसे पूरे देश में बचत खाता खोलने के लिए आरंभ किया गया है. सर्वोत्तम ग्राहक अनुभव के साथ यह एक अनुकूल एप्लिकेशन है जिसमें बटन दबाते ही 35 से ज्यादा बैंकिंग सेवाओं को उपलब्ध कराने की क्षमता है.
- एक नए डिजिटल ट्रेड फाइनेंस प्लेटफॉर्म - बड़ौदाइंस्टा (ट्रेड फाइनेंस एक्सेस के लिए बड़ौदा इंटेग्रेटेड सोलूशन) को आरंभ करना. ग्राहक एवं बैंक के लिए ट्रेड फाइनेंस में त्वरित प्रोसेसिंग और स्वचालन को प्राप्त करने के उद्देश्य से यह एक समग्र समाधान है. वर्तमान में यह दो उत्पादों अर्थात् आयात साख पत्र और आयात बिल भुगतान के लिए आरंभ किया गया है जिसे आगे अन्य उत्पादों के लिए भी लागू किए जाने की संभावना है.
- इंटरनेट पेमेंट गेटवे - बैंक सम्पूर्ण इंटरनेट पेमेंट गेटवे इन्फ्रास्ट्रक्चर को विकसित करने की प्रक्रिया में है ताकि अपने कारोबारियों को ई-कॉमर्स कारोबार के लिए इलेक्ट्रॉनिक पेमेंट प्लेटफॉर्म बड़ौदा ई गेटवे उपलब्ध करा सके. इसके माध्यम से क्रेडिट कार्ड / डेबिट कार्ड और नेट बैंकिंग के उपयोग से भुगतान करने की सुविधा उपलब्ध होगी.
- स्वचालित संग्रहण प्रणाली से बैंक को ऋण संग्रहण की प्रक्रिया को सरल एवं कारगर बनाने में मदद मिलेगी.
- एम-पासबुक एप्प जो उपभोक्ताओं को अपने सारे खातों की अद्यतन जानकारी के साथ-साथ शेष, जमा एवं आहरण की निगरानी करने की सुविधा उपलब्ध कराता है.

बैंक अपने ग्राहकों को बेहतर बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कई अन्य एप्लीकेशनों को आरंभ करने की प्रक्रिया में है. इनमें से कुछ एप्लिकेशन हैं धन संपदा प्रबंधन सोलूशन, इंटरनेट बैंकिंग अपग्रेड और बीबीपीएस आदि. इसके अलावा बैंक परिचालन कार्यक्षमता में वृद्धि तथा नियंत्रण के लिए धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन प्रणाली एवं एएमएल प्रणाली के अपग्रेडेशन सहित कई सहायक एप्लीकेशनों को लागू कर रहा है या इसे लागू करने की प्रक्रिया में है.

प्रौद्योगिकी में हो रहे बदलाओं से अपने को अद्यतन रखने के उद्देश्य से बैंक ने आईटी सेंटर ऑफ एक्सिलेंस (आईटीसीओई) की स्थापना की है ताकि

प्रौद्योगिकी में हो रहे नित-नए परिवर्तनों की पहचान कर इससे स्वयं को अपग्रेड किया जा सके. आईटीसीओई वर्तमान और भविष्य में आने वाली प्रौद्योगिकी के लिए डिज़ाइन थिंकिंग कौशल, प्रक्रियागत डिज़ाइन, आर्किटेक्चर कौशल तथा कोर डेवलपमेंट क्षमता उपलब्ध करायेगा जिससे कारोबार में वृद्धि के लिए प्रौद्योगिकी के पूर्ण उपयोग में सहायता मिलेगी.

बैंक ग्राहकों की सही पहचान के साथ बैंक के कारोबार रुपान्तरण की प्रक्रिया को और सशक्त बनाने के लिए एनालिटिक सेंटर ऑफ एक्सिलेन्स (एसीओई) की स्थापना करने की प्रक्रिया में भी है.

साइबर सुरक्षा

कई वर्षों के दौरान बैंक ने साइबर आक्रमण से बचने के लिए सूचना सुरक्षा उपायों के एक समग्र सेट के साथ साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में एक मजबूत आधार तैयार किया है. बैंक के पास पूर्ण परिभाषित साइबर सुरक्षा कार्यनीति फ्रेमवर्क है जो प्रबंधन स्ट्रक्चर, नीतिगत फ्रेमवर्क और परिचालन नियंत्रण के समन्वयवन में परिचालित होता है. बैंक ने आईटी आस्तियों की सुरक्षा के लिए बहु-स्तरीय सुरक्षा का इंतजाम किया है. बैंक द्वारा लागू किए गए सुरक्षा नियंत्रण उपायों का ही यह प्रमाण है कि बैंक के डाटा सेंटर और आपदा प्रबंधन परिचालन को आईएसओ 27001 का प्रमाणन प्रदान किया गया है.

साइबर आक्रमणों की पहचान करने के लिये बैंक ने कैपटिव सुरक्षा परिचालन सेंटर (एसओसी) की स्थापना की है जो 24X7 आधार पर कार्य करता है. मौजूदा वर्ष के दौरान आपके बैंक ने प्रभावी तरीके से साइबर आक्रमणों की त्वरित पहचान, प्रबंधन, कार्रवाई और उसके समाधान के लिए एसओसी को साइबर रेडी एसओसी के रुप में सशक्त बनाने के लिए नयी क्षमताओं को लागू किया है.

साथ ही, आपके बैंक ने निम्नलिखित नियंत्रणों को अपनाया है :

- महत्वपूर्ण आस्तियों की पहचान तथा इनकी सुरक्षा के लिए पर्याप्त नियंत्रणों के मूल्यांकन हेतु आवधिक जोखिम मूल्यांकन करना.
- आक्रमण होने की संभावना का नियमित रुप से मूल्यांकन करना, आक्रमण एवं संभावित जोखिम की पहचान के लिए पेनेट्रेशन टेस्टिंग करना तथा आक्रमण की गंभीरता को न्यून करने के लिए उपाय करना.
- मौजूदा सिस्टम की कमजोरियों का पता लगाने, कमियों को दूर करने हेतु एप्लीकेशनों और इनफ्रास्ट्रक्चरों की आवधिक लेखापरीक्षा करना.
- फिशिंग साइट, अविश्वसनीय मोबाइल एप्प एवं सोशल मीडिया साइटों की संदिग्ध गतिविधियों/विषय वस्तुओं की नियमित निगरानी करना तथा एंटी फिशिंग और ब्रांड सुरक्षा सेवाओं के माध्यम से इनकी पहचान कर इन पर उपयुक्त कार्रवाई करना.
- इंटरनेट बैंकिंग चैनल के माध्यम से धोखाधड़ी लेनदेन को नियंत्रित करने के लिए जोखिम आधारित बहु-स्तरीय प्रमाणन प्रक्रिया को लागू करना.
- आसानी से एक्सेस होने वाली वेबसाइट पर मालवेयर की जांच के लिए स्कैनिंग करना.

मौजूदा वर्ष के दौरान आपके बैंक ने डिस्ट्रीब्यूटेड डिनायल ऑफ सर्विस (डीडीओएस) से सिस्टम के बचाव के लिए तकनीक लागू किया है तथा निर्बाध ग्राहक सेवा सुनिश्चित करने के लिए क्लीन पाइप को प्राप्त किया है.

बैंक ने साइबर आक्रमणों से बचाव के लिए सुरक्षा प्रणाली को और सशक्त करने तथा अपनी क्षमताओं की जांच के लिए आईडीआरबीटी ,सीईआरटी-इन और रिज़र्व बैंक जैसी एजेंसियों द्वारा आयोजित की जाने वाली सुरक्षा ड्रिल में सहभागिता की है. बैंक के पास आपात स्थिति में कार्य करने वाली टीम एवं साइबर क्राइसिस प्रबंधन योजना है तथा ड्रिल के माध्यम से इन योजनाओं की प्रभावशीलता की आवधिक जांच की जाती है.

डिजिटल रुपांतरण

पारंपरिक बैंकिंग गतिविधियों का डिजिटलीकरण एवं डिजिटल रुपांतरण से बैंकिंग जगत में तेजी से बदलाव आ रहा है. इससे सुविधाजनक एवं त्वरित बैंकिंग सुविधाएं प्रदान करना आसान हो गया है. बैंक अपने मौजूदा संरचना और नए डिजीटल उत्पादों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए डिजीटल प्रणाली और तकनिकियों में लगातार निवेश कर रहा है. बैंक की सूचना प्रद्योगिकी नीति ने लगातार तकनीक को अद्यतन करने और संभावी व्यवसाय की आवश्यकताओं को पूरा करने की प्रक्रिया के द्वारा व्यवसाय पहलों में सहयोग दिया है. हमारा प्रमुख ध्यान ग्राहकों की आवश्यकताओं के अनुरुप उत्पादों को मोबाइल चैनल जैसे मोबाइल बैंकिंग, यूनिफ़ाइड पेमेंट इंटरफेस, भीम आधार के माध्यम से उपलब्ध कराना है. हमारे ज्यादा से ज्यादा ग्राहक डिजीटल भुगतान की ओर बढ़ रहे है और बैंक ग्राहकों के लिए उनकी इस यात्रा में सहायक एवं मार्गदर्शक की भूमिका अदा कर रहे है.

बैंक निम्नलिखित नवोन्मेषी पहलों के माध्यम से अग्रणी रहा है.

हाई-टेक डिजीटल शाखाएं और डिजीटल पोर्टेबल शाखाएं

बैंक ने हाई-टेक डिजीटल शाखा को अत्याधुनिक गैजेट जैसे आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस रोबोट जिसे बड़ौदा ब्रेनी नाम दिया गया है और मुफ्त वाई - फ़ाई सेवाओं के साथ डिजीटल लैब स्थापित करके नवोन्मेषी अवधारणा विकसित की है. रोबोट, ग्राहकों को उनकी आवश्यकताओं के अनुरुप उन्हे मार्गदर्शन प्रदान करता है और ग्राहकों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का जवाब भी देता है. इसके अतिरिक्त, डिजीटल शाखा के पास स्वयं सेवा कियोस्क जैसे कैश रिसाइक्लर, व्यक्तिगत डेबिट कार्ड डिस्पेन्सर के साथ खाता खोलने का कियोस्क, मल्टी फंक्शन कियोस्क, डीजीटल साइनेज सिस्टम (डीएस एस) जो उत्पादों की सूचनाओं को प्रदर्शित करते है, के साथ सेल्फ-सर्विस पासबुक प्रिन्टर उपलब्ध है. ग्राहकों को एक विशिष्ट स्थान भी उपलब्ध कराया जाता है जहां विशेषीकृत निवेश परामर्श, वित्तीय परामर्श निवेश विशेषज्ञों द्वारा दिया जाता है. ग्राहकों को संवाद करने में सहायता देने के लिए इस स्थान पर एक रिमोट टेलर (वीडियो सहायक) लगाया गया है.

बैंक ने मुंबई और बड़ौदा में वर्ष के दौरान -2- ऐसी हाई-टेक डिजिटल शाखाएं खोली है.

बैंक ने ''डिजीटल पोर्टेबल शाखा'' की अवधारणा को टेक सेवी और पारम्परिक ग्राहकों के साथ स्वयं सेवी आसान एवं सरल परिचालनात्मक बैंकिंग आउटलेट के माध्यम से 24x7 जुड़े रहने के उद्देश्य से कार्यान्वित की है. डिजीटल पोर्टेबल शाखा एक प्री फैब्रिकेटेड शाखा है जिसमे खाता खोलने का कियोस्क, कैश डिस्पेन्सर (एटीएम), और सेल्फ सर्विस पासबुक प्रिन्टर (एसएसपीबीपी) लगाया गया है. ग्राहकों को इसमे बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के सामान्य रिटेल बैंकिंग सेवाएँ जैसे खाता खोलना, नकद निकासी, पासबुक अद्यतन करना, शेष राशि पूछताछ, निधि अंतरण, बिल भुगतान, इत्यादि सेवाएं चौबीसों घंटे प्रदान की जाती हैं.

बैंक ने वर्ष के दौरान ऐसी -9- डिजिटल पोर्टेबल शाखाएं खोली है.

मल्टी फंक्शन कियोस्क

ग्राहकों को तकनीकी लाभ के द्वारा वैकल्पिक डिलीवरी चैनलों के माध्यम से बाधारहित और आसान बैंकिंग सेवाएं प्रदान करना है. बैंक ने एक नवोन्मेषी स्वयं सेवा कियोस्क, जिसे मल्टी फंक्शन कियोस्क (एमएफके) कहा जाता

है, की शुरूआत की है. यह एकल हाइब्रिड सेवा बॉक्स के माध्यम से कई ग्राहकोन्मुखी सेवाएं प्रदान करता है. बैंक ने एमएफके का उपयोग करते हुए ग्रिड आधारित क्लीयरिंग की शुरूआत की है जो मुंबई में प्रायोगिक तौर पर शुरू की गई है और इसके अच्छे परिणाम मिल रहे है. इसके बाद ग्रिड आधारित क्लीयरिंग को पुणे, भोपाल,बड़ौदा और अहमदाबाद अंचल में विस्तारित किया गया है जो पूरे पश्चिमी ग्रिड को पूरा करता है. आरंभ होने के बाद से कुल चेक जमा में 11 गुना वृद्धि हुई है.

हमारी डिजीटल बैंकिंग टीम हमारे ग्राहकों के लिए निम्नलिखित चैनलों के माध्यम से डिजीटल और वैकल्पिक डिलीवरी चैनलों को लगातार सुदृढ़ बनाने में लगी हुई है.

- एटीएम, जो हमारे ग्राहकों की नकद आवश्यकताओं के लिए सहयोग प्रदान करेंगे.
- ग्राहको को 24x7 बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करने के लिए ई-लॉबी जिसे 'मी लॉबी' कहा जाता है, की सुविधाओं मे अपग्रेड किया गया है, जिसमे बड़ौदा नॉन स्टॉप लॉबी में पाँच स्वयं सेवा मशीन जैसे कैश रिसाइक्लर, एटीएम, मल्टी फंकशन कियोस्क, पासबुक प्रिन्टर और डिजीटल साइनेज सिस्टम शामिल है.
- छोटे केन्द्रों के लिए मौजूदा एटीएम को रिफरबिश करके और अतिरिक्त सेवाएँ जैसे कैश रिसाइक्लर और पासबुक प्रिन्टर प्रदान करते हुए ''बड़ौदा एक्स्प्रेस -24x7" लॉबी की शुरूआत की गई है जो बड़ौदा नॉन स्टॉप लॉबी का संक्षिप्त रुप है.
- हमारे ग्राहको के लिए इन्टरनेट बैंकिंग प्लेटफॉर्म बड़ौदा कनेक्ट को आसान एवं बेहतर उपयोग के लिए कई विशेषताओं के साथ समृद्ध किया गया है.
- **मोबाइल बैंकिंग -** ग्राहको के खाते की सम्पूर्ण जानकारी के लिए मोबाइल बैंकिंग एप्लिकेशन एम-कनेक्ट प्लस की शुरुआत की गई है जो हमारे ग्राहकों को तेज, सुरक्षित, स्तरीय विशेषाताओं भरा एक नया अनुभव होगा.
- **भारत बिल भुगतान प्रणाली (बीबीपीएस)-** यह एक राष्ट्रीय महत्व की पहल है जो सभी भौगोलिक और आबादी के ग्राहकों/गैर ग्राहकों को वास्तविक समय में बिल भुगतान की सेवाएं प्रदान करता है. बीबीपीएस एक टीयर्ड प्लेटफॉर्म है जिसमें विभिन्न चैनलों के माध्यम से हमारा बैंक ग्राहक भारत बिल भुगतान परिचालन इकाई (ग्राहक बीबीपीओयू) के रुप में भाग लेता है. बीबीपीएस एक सरल, सुरक्षित और आसानी से उपयोग किया जाने वाला बिल भुगतान प्लेटफॉर्म है जो ग्राहकों को इंटर ऑपरेबल और सुगम बिल भुगतान सेवा है और जो त्वरित भुगतान प्राप्ति की पुष्टि करता है.
- **रिटेल भुगतान प्रणाली के लिए यूपीआई -** बैंक ने बड़ौदा एमपे-यूपीआई की शुरुआत की है जो कि भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम की नई पहल है और जिसका उद्देश्य भारत में मौजूदा सभी रिटेल भुगतान को सरलीकृत व एकल इंटरफेस प्रदान करना है.
- **वैश्विक कान्टैक्ट सेंटर -** बैंक ने गिफ्ट सिटी के साथ-साथ बेंगलूरू में अत्याधुनिक कान्टैक्ट सेंटर की स्थापना की है. हमारा कान्टैक्ट सेंटर कई बैंकिंग सेवाओं को टेलीफोन चैनल के माध्यम से टोल फ्री नंबर द्वारा देश में तथा विश्व में कही से भी प्रदान करती है। प्रधानमंत्री जनधन योजना और अन्य वित्तीय समावेशन ग्राहकों के लिए एक समर्पित टोल फ्री नंबर प्रदान किया गया है.
- **यूनिफाइड मोबाइल एप्लिकेशन फॉर न्यू-एज गवर्नेंस (उमंग) -** यह भारत सरकार का ऑल-इन-वन सिंगल केंद्रीकृत सुरक्षित बहु-माध्यम,बहु-प्लेटफॉर्म, बहुभाषी, बहुसेवा फ्रीवेयर मोबाइल एप्लिकेशन है, जिसे हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने दिनांक 23 नवंबर 2017 को शुरूकिया था. हमारा बैंक इस एप्लिकेशन पर भारत बिल सेवा उपलब्ध कराने वाला पहला बैंक है. इसे विभिन्न उपयोगिता सेवाओं के लिए डिजिटल भुगतान आधारित बिल भुगतान सुविधा उपलब्ध कराने के लिए तैयार किया गया है.
- **भीम आधार:** हमारा बैंक माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिनांक 14 अप्रैल 2017 को शुरू किए गए क्लाउड आधारित समाधान भीम आधार भुगतान सेवा को कार्यान्वित करने वाला पहला बैंक है. यह प्लेटफॉर्म ग्राहकों को उनके बैंक खाते से जुड़ी आधार संख्या के प्रयोग के द्वारा मर्चेंट इकाई से सामान एवं सेवाओं की खरीद में सहायता करता है. मर्चेंट भुगतान को स्वीकार कर सकते हैं. सरकार ने भारत में 20,00,000 भीम आधारित डिवाइसों को स्थापित करने का लक्ष्य रखा है. बैंक ने वित्त वर्ष 2018 के दौरान भीम आधार भुगतान पर 64,000 से अधिक मर्चेंट्स को जोड़ा है.
- **एनएसीएच - ई - अधिदेश :** बैंक 21 मार्च 2018 से ई-अधिदेश के लिए लाइव हो गया है. इसका प्राथमिक उद्देश्य बैंक में जाकर प्रक्रिया के लिए अनुरोध देने के भार को कम करना है. ई-अधिदेश एनपीसीआई के नेशनल ऑटोमेटेड क्लियरिंग हाउस (एनएसीएच) की सेवा का उपयोग करेगा जिससे वैकल्पिक चैनल के माध्यम से ग्राहकों द्वारा अधिदेश देने तथा इसकी पुष्टि होने के बीच लगने वाले समय में कमी आएगी.
- **दस्तावेज़ प्रबंधन प्रणाली :** कागज रहित बैंकिंग की दिशा में एक और कदम उठाते हुए ग्राहकों के रिकॉर्डों का डिजिटलीकरण किया गया है. प्रयोक्ता इस सिस्टम में संरक्षित किए गए रिकॉर्ड को ऑनलाइन एक्सेस कर सकते हैं. इस प्रक्रिया का लाभ यह है कि इससे बेहतर ग्राहक सेवा के साथ ग्राहक द्वारा की जाने वाली पूछताछ में कमी आएगी.

फिनटेक

बैंकिंग उद्योग में तकनीकी स्तर पर तीव्र परिवर्तन हो रहा है. फिनटेक कंपनियों के विभिन्न व्यावसायिक सेगमेंट में प्रतिस्पर्धा बढ़ती जा रही है. इस परिवर्तन की वजह परंपरागत चैनल नहीं हैं बल्कि ग्राहकों की अपेक्षाएं और तकनीक आधारित समाधानों के प्रति उनकी ख़रीदारी की क्षमता है. बैंक इन क्षेत्रों में अग्रणी रहा है और इसके लिए एक अलग फिनटेक वर्टिकल स्थापित किया गया है ताकि बैंकिंग उद्योग में हो रहे परिवर्तनों को आत्मसात किया जा सके और ग्राहकों को उत्कृष्ट उत्पाद एवम् सेवाएँ दी जा सके. बैंक फिनटेक क्षेत्र में न केवल नवोन्मेषी अवसरों की तलाश कर रहा है बल्कि बाहरी तकनीकी विशेषज्ञता को भी इस्तेमाल कर रहा है. इस उद्देश्य से बैंक एमएसएमई, कार्पोरेट, रिटेल, भुगतान तथा ई-कॉमर्स क्षेत्रों में विभिन्न फिनटेक सेवा प्रदाताओं के साथ टाईअप कर रहा हैं.

बैंक के पास 20 से अधिक साझेदार हैं जिनकी एमएसएमई ग्राहकों को समाधान देने से लेकर रिटेल और भुगतान के क्षेत्रों में साझेदारी शामिल हैं. एमएसएमई सेगमेंट में बैंक सभी ट्रेड रिसीवेबल्स ई-डिस्कौंटिंग सिस्टम (टीआरईडीएस) जो एमएसएमई सेक्टर में ट्रेड रिसीवेब्ल्स के लिए वित्तपोषण हेतु ऑनलाइन प्लैटफ़ार्म है, को लागू करने वाला पहला बैंक है. 31 मार्च 2018 को बैंक की इस प्लैटफ़ार्म पर हिस्सेदारी 22% रही. इसके अलावा

बैंक ई-कॉमर्स बज़ार में आपूर्तिकर्ताओं को भी वित्तपोषण प्रदान कर रहा है. बैंक ने ब्लॉक चेन कन्सोर्टीयम के तहत ''बैंक चेन'' के साथ साझेदारी की भी शुरुआत की है. बैंक ने एनईआरएल के साथ पंजीकृत वेयर हाउस के संबंध में वेयर हाउस रसीदों के पेटे वित्तपोषण हेतु नेशनल ई- डिपोजिटरी लिमिटेड (एनईआरएल) के साथ साझेदारी की है. ई-कॉमर्स, रिटेल एवम् भुगतान के क्षेत्र में अन्य साझेदारों की भी तलाश की जा रही है ताकि बैंक ऐसी फिनटेक प्लैटफ़ार्म पर अपनी सेवाएँ दे सके.

बैंक ऑफिस परिचालन

परिचालनगत दक्षता को बेहतर बनाने के एक उपाय के रुप में सेवा सुपुर्दगी एवं गुणवत्ता को बेहतर बनाने और भविष्य के लिए क्षमताओं के निर्माण की तरफ एक नीतिगत चरण के रुप में प्रक्रियाओं के डिजिटाइजेशन और बैंक ऑफिस परिचालन के केंद्रीकरण के माध्यम से बैंक की परिचालन संरचना को परिवर्तित किया जा रहा है. बैंक ने गिफ्ट सिटी में बड़ौदा ग्लोबल शेयर्ड सर्विसेज लिमिटेड के रुप में नवीनतम तकनीक युक्त 'शेयर्ड सर्विस सेंटर' का निर्माण किया है.

एसएससी में केंद्रीकृत बैंक ऑफिस कार्यकलापों में 24 x 7 केंद्रीकृत संपर्क केंद्र; 6 अंचलों के लिए मोर्गेज आधारित खुदरा ऋण प्रोसेसिंग; 5063 शाखाओं को कवर करते हुए देयता खाते खोलने का कार्य एवं फोरेक्स एवं ट्रेड फाइनांस -संव्यवहार (ट्रेड फाइनांस बैक ऑफिस, (टीएफबीओ) आदि. भौगोलिक आधार पर अन्य केंद्रों एवं कार्यों को क्रमशः एसएससी के साथ जोड़ा जाएगा.

कार्यकुशलता बढ़ाने तथा आंतरिक नियंत्रणों को मजबूत बनाने के लिए तथा एक ही छत के नीचे अनुपालन हेतु मानक ऑपरेटिंग प्रक्रियाओं का पालन करते हुए एक मजबूत गवर्नेंस फ्रेमवर्क एवं जोखिम और नियंत्रण स्व-मूल्यांकन (आरसीएसए) फ्रेमवर्क एसएससी में स्थापित किया गया हैं. टीएफबीओ में एक गुणवत्ता नियंत्रण इकाई भी स्थापित की गई है.

विपणन

वर्ष के दौरान बैंक ने अपने मौजूदा एवं भावी ग्राहकों से अर्थपूर्ण और भावात्मक संवाद करने के लिए रणनीति परक ब्रांड बिल्डिंग पहलों को आरंभ किया है. फीफा-अंडर 17 को पूरे विश्व में 47 लाख से अधिक व्यक्तियों ने देखा तथा बीटीएल गतिविधियों और टॉप लाइन चैनलों पर टीवीसी के साथ इसके प्रयोजन ने बैंक की दृश्यता को और ज्यादा बढ़ाया. विभिन्न दूसरी मार्केटिंग पहलों जैसे जयपुर लिट्रेचर फेस्टिवल, यूपी ग्लोबल सम्मिट, क्लासिकल कंसर्ट उद्येश्वर आदि में सहयोग के चलते पूरे वर्ष ब्रांड चर्चा में बना रहा. इन प्रयासों को पुनः सोशल मीडिया पर चलाये गए अभियानों और पूरी तरह से रिसर्च के बाद चलाये गए डिजिटल अभियानों जैसे कि #Allin YourInterest के माध्यम से निरंतर ग्राहकों से संवाद करने के चलते और बल मिला.

डिजिटल मार्केटिंग स्पेस में बैंक के प्रयास के लिए यह वर्ष भी महत्वपूर्ण था जिसे व्यवस्थित तरीके से सशक्त किया जा रहा है. बैंक के सोशल मीडिया क्षेत्र में अनुभव को आगे बढ़ाते हुए, सर्च इंजन विपणन और सर्च इंजन अनुकूलन को बढ़ाने के लिए सभी डिजिटल प्लेटफार्मों में सामग्री को बेहतर बनाने हेतु रणनीतियों का निर्माण किया गया था. इन माध्यमों में सामग्री में वृद्धि का उद्देश्य विशेष रुप से जेन वाई दर्शकों के साथ जुड़ना है, जो संभावित ग्राहक हैं.

बैंक ने बुनियादी मूल्यों के समर्थन द्वारा बैंक के ब्रांड समर्थक पीवी सिंधु और के श्रीकांत को प्रमुखता दी. प्रिंट मीडिया, बाहरी मीडिया जैसे मेट्रो रेलवे स्टेशन/ एयरपोर्ट/ मॉल आदि हेतु उनके चित्र को क्रिएटिव्स में शामिल किया गया है. देश के युवाओं के बीच लोकप्रिय खिलाड़ियों के साथ बैंक का यह जुड़ाव बैंक की व्यवसाय के प्रति देखभाल, सोच एवं क्षमता के दृष्टिकोण के अनुरुप रहा.

दूरदर्शन पर ''हुनरबाज़-मिशन स्किल इंडिया'' को प्रायोजित कर बैंक ने सकारात्मक, भावुक और प्रेरणात्मक कहानियों को साझा करने और ग्राहकों की सफलता और सशक्तिकरण में बैंक की भूमिका स्थापित करने का प्रयास किया है. इस शो में असली जीवन की सफलता की कहानियां, प्रेरणादायी हस्तियों और आकर्षक सहभागिता, भारत में कौशल और उद्यमिता के बारे में जागरुकता निर्माण, कॅरियर अवसर और कई अन्य पहलुओं को शामिल किया गया है. प्रत्येक कार्यक्रम में विषय वस्तु वास्तव में संदेशप्रद होने के साथ-साथ रुचिकर भी है जो कि मानव हृदय को प्रभावित करती है और ब्रांड और अपने ग्राहकों के बीच जुड़ाव के उद्देश्य को पूरा करती हैं.

बैंक नवोन्वेषी विषय-वस्तु और अभियानों के माध्यम से नेट प्रयोक्ताओं को अपने सोशल मीडिया पृष्ठ से जोड़ने के लक्ष्य के साथ सोशल मीडिया के क्षेत्र में सुव्यवस्थित रुप से विकसित हो रहा है.

बैंक की सोशल मीडिया उपस्थिति का विवरण नीचे दिया गया है:

सोशल मीडिया चैनल्स	31.03.2018 के आंकड़े (लाइक्स / फॉलोअर्स की संख्या)
फेसबुक लाइक्स	7,00,309
ट्विटर फॉलोअर्स	46,764
यूट्यूब सब्स्क्राइबर्स	9,558
लिंक्डइन फॉलोअर्स	23,078
इंस्टाग्राम फॉलोअर्स	3,481

शाखा विस्तार

31 मार्च, 2018 तक, हमारे बैंक का शाखा विस्तार निम्नानुसार था:

	31.03.2017		31.03.2018	
	शाखाओं की संख्या	कुल में % हिस्सा	शाखाओं की संख्या	कुल में % हिस्सा
घरेलू शाखाएं				
महानगरीय	1166	22	1167	21
शहरी	921	17	930	17
अर्ध - शहरी	1523	28	1537	28
ग्रामीण	1812	33	1833	34
कुल	**5422**	**100**	**5467**	**100**
विदेशी शाखाएं/ कार्यालय (विदेशी अनुषंगियों की शाखाओं सहित)	**107**	**-**	**106**	**-**

वर्ष के दौरान बैंक ने 55 नई घरेलू शाखाएं खोली हैं और 10 शाखाओं को बंद / विलय कर दिया है. इनमें से 2 हाई-टेक डिजिटल शाखाएं और 9 डिजिटल पोर्टेबल शाखाएं हैं.

आंतर्राष्ट्रीय परिचालनों में बैंक ने आंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवाओं में (आईएफएससी), गिफ्ट सिटी, गांधीनगर गुजरात में एक ऑफशोर इंटरनेशनल बैंकिंग यूनिट खोली है और बैंकॉक, थाईलैंड तथा यूएई में इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग यूनिट को बंद कर दिया है.

मुद्रा तिजोरी

हमारे बैंक में 98 मुद्रा तिजोरी हैं जिनमें से 2 मुद्रा तिजोरी देवकाली, फैजाबाद और वर्धमान, पश्चिम बंगाल में वित्तीय वर्ष के दौरान खोले गए हैं. भारतीय रिज़र्व बैंक की तरफ से नकदी कक्ष के अलावा इनका उपयोग बैंक में प्रभावी नकदी प्रबंधन के लिए किया जाता है. सभी मुद्रा तिजोरियों के साथ-साथ शाखाओं को नोट छांटने वाली मशीनें (एनएसएम) प्रदान की जाती हैं. ये मुद्रा तिजोरी शाखाओं में नकदी के प्रबंधन में सहायक बने.

कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर)

विभिन्न विकास संबंधी गतिविधियों के माध्यम से समाज के सामाजिक एवं आर्थिक विकास में सक्रिय योगदान देने की बैंक की पुरानी परंपरा रही है. एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिक के रुप में बैंक हमेशा समाज के कल्याण विशेषकर समाज के वंचित वर्गों के उत्थान को उनके जीवन में स्थायी सामाजिक परिवर्तन करने के लिए योगदान करने का प्रयास करता है. किसानों एवं महिलाओं के लिए प्रशिक्षण के माध्यम से कौशल विकास करके रोजगार देना, स्वास्थ्य, मानव कल्याण और अन्य सामाजिक गतिविधियां आदि पर बैंक मुख्य रुप से ध्यान केन्द्रित करता रहा है. बैंक ने कमजोर वर्ग, ग्रामीण जनसंख्या और अन्य ज़रूरतमंद लोगों के हित के लिए विभिन्न समुदायों से संबंधित संस्थाओं और सामाजिक-आर्थिक कल्याण गतिविधियों में लगे विभिन्न संगठनों को 1191 लाख रुपए मंजूर किए.

बैंक ने देश के सात राज्यों में 49 बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान (बीएसवीएस) स्थापित किए हैं, जिनमें से 45 हमारे अग्रणी जिलों में हैं और 4 गैर-अग्रणी जिलों में हैं. ये केंद्र स्व-रोज़गार पैदा करने के लिए ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों के युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करते हैं. आज तक इन केंद्रों ने 11,258 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए हैं और 3,29,452 युवाओं को प्रशिक्षण दिया है, जिनमें से 2,17,759 पहले से ही रोजगार या अपने स्वयं के उद्यम को सुरक्षित कर चुके हैं. इसका निपटान अनुपात 66.0 9% पर है. वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान आरएसटीआई के समग्र कार्यनिष्पादन / कार्यशैली के आधार पर हमारे 44 बीएसवीएस केन्द्रों को ''ए/ए'' (उत्कृष्ट) के रुप में वर्गीकृत किया गया है. हमारे पास 19 बड़ौदा आर-सेटी हैं जो अपने परिसर में परिचालित हैं.

बैंक ने औपचारिक वित्तीय क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न वित्तीय उत्पादों और सेवाओं के बारे में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोगों को शिक्षित करने एवं वित्तीय परामर्श सेवाएं प्रदान के लिए देश में 51 वित्तीय साक्षरता और क्रेडिट परामर्श केंद्र (एफएलसीसी) स्थापित किए हैं. ये केंद्र भी वित्तीय साक्षरता, बैंकिंग सेवाओं, डिजिटल बैंकिंग, वित्तीय नियोजन और किसी व्यक्ति के ऋण से संबंधित संकट में सुधार लाने के बारे में जागरुकता को बढ़ावा देते हैं.

जोखिम गवर्नेंस एवं आंतरिक नियंत्रण

जोखिम पर अधिक ध्यान देना और गवर्नेंस फ्रेमवर्क का समर्थन करने में जोखिम से निपटने और उसका प्रबंध करने हेतु बैंक के स्तर पर विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्धारण करना शामिल है. प्रायः जिसका ''बचाव के तीन उपाय'' के रुप में उल्लेख किया जाता है, उन तीनों उपायों में से प्रत्येक की महत्वपूर्ण भूमिका है. ये निम्नानुसार है:

i. बचाव का प्रथम उपाय; सभी कर्मचारियों को जोखिम का प्रभावी प्रबंधन एवं विनियमों, बैंक की पालिसियों और दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा.

ii. बचाव का दूसरा उपायः इसमें जोखिम नियंत्रण के ऑनर का समावेश है, जिसमें बचाव के प्रथम उपाय में से स्वतंत्र रुप से इंटरप्राइज़ आधार पर जोखिम की पहचान, आकलन, मानिटरिंग एवं रिपोर्टिंग शामिल है. अनुपालन कार्यकलाप भी बचाव के दूसरे उपाय का भाग समझा जाता है.

iii. बचाव का तीसरा उपायः आंतरिक जोखिम आधारित और अन्य लेखापरीक्षा करके आंतरिक लेखापरीक्षा कार्य द्वारा उपलब्ध कराया गया स्वतंत्र आश्वासन. इसकी समीक्षा निदेशक मंडल को यह आश्वासन उपलब्ध कराती है कि समग्र गवर्नेन्स फ्रेमवर्क तथा जोखिम गवर्नेंस फ्रेमवर्क प्रभावी है और पालिसियां और प्रक्रियाएं उपलब्ध हैं तथा उन्हें निरंतर लागू किया जाता है. लेखापरीक्षा कार्य की भूमिका सुव्याख्यायित है और उनका निदेशक मंडल की लेखापरीक्षा द्वारा अवलोकन किया जाता है.

व्यवसाय में नियंत्रण

बैंक का प्रत्येक कर्मचारी अपने परिचालन के क्षेत्र में निहित जोखिम के लिए जिम्मेदार है और उसका प्रभावी प्रबंधन करता है. समग्र संगठन में आंतरिक नियंत्रण को मजबूत बनाने एवं अनुपालन की संस्कृति को बेहतर बनाने हेतु बैंक ने नियंत्रणों एवं अनुपालनों को तेज करने हेतु इन सिद्धांतों का अनुसरण कर संरचना को निरंतर सुसंगत बनाया है, ये सिद्धांत हैं 1) व्यवसाय एवं नियंत्रण कार्यों को अलग करना एवं 2) फ्रंट ऑफ़िस एवं बैक ऑफिस कार्यों को ऐसे परिचालनों एवं प्रक्रियाओं को केंद्रित कर के अलग रखना, जिन्हें शाखाओं से बाहर ले जाया जा सके, ताकि ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के साथ ही दक्षता को बढ़ाया जा सके एवं नियंत्रण को मजबूत बनाया जा सके.

बैंक ने दोनों ही क्षेत्रों में ख़ासी प्रगति की है. गिफ्ट सिटी, गांधी नगर, गुजरात में शेयर्ड सर्विस सेंटर (एसएससी) की प्रक्रियाओं एवं परिचालनों का केंद्रीयकरण, एसएससी में माइग्रेट की गई शाखा स्तर की कई गतिविधि के साथ जारी है, जहां मानक परिचालनगत प्रक्रियाओं (एसओपी) के अनुपालन के लिए एक दृढ़ गवर्नेंस फ्रेमवर्क तथा जोखिम एवं नियंत्रण स्व-मूल्यांकन (आरसीएसए) फ्रेमवर्क स्थापित किया गया है. एसएससी में ट्रेड फाइनेंस बैक ऑफिस में एक क्वालिटी कंट्रोल यूनिट भी स्थापित की गई है. साथ ही, बैंक के पास आपवादिक संव्यवहारों की स्वतंत्र निगरानी के लिए एवं एएलएम सिस्टम से प्राप्त अलर्ट्स की निगरानी एवं क्लोज़र के लिए ट्रांजेक्शन मॉनिटरिंग यूनिट (टीएमयू) भी है.

जोखिम प्रबंधन एवं अनुपालन

जोखिम प्रबंधन

जोखिम बैंकिंग कारोबार का एक अविभाज्य अंग है और बैंक जोखिम एवं रिटर्न के बीच उचित संबंध स्थापित करना चाहता है. सतत एवं निरंतर वृद्धि

सुनिश्चित करने के लिए, बैंक ने एक सक्षम जोखिम प्रबंधन फ्रेमवर्क विकसित किया है, जिससे कि बैंक द्वारा स्वीकृत जोखिमों का ठीक से मूल्यांकन और निगरानी हो सके. बैंक अपनी कारोबार गतिविधियों को जोखिम की सीमा के भीतर और बैंक के निदेशक मण्डल द्वारा अनुमोदित नीतियों के अनुसार संचालित करता है. विभिन्न प्रकार के जोखिमों पर निगरानी रखने के कार्य को सरल बनाने के लिए निदेशक मण्डल की विनिर्दिष्ट समितियां गठन किया गया है. बैंक ने निदेशक मण्डल की जोखिम प्रबंधन समिति का भी गठन किया है, जो विभिन्न प्रकार के जोखिमों के मध्य अंतर संबंधों का निरीक्षण करती है तथा जो इस क्षेत्र के विशेषज्ञों द्वारा समर्थित है. प्रत्येक प्रकार के जोखिम के लिए गवर्निंग फ्रेमवर्क से बैंक के निदेशक मंडल या निदेशक मण्डल की समितियों द्वारा समय-समय पर नीतियां अनुमोदित की गई हैं.

वर्ष के दौरान बैंक ने बैंक के जोखिमों को मापने और निगरानी के लिए एंटरप्राइज़ वाइड जोखिम प्रबंधन परियोजना का कार्यान्वयन किया है . बैंक के पास व्यापक आंतरिक पूंजी पर्याप्तता आकलन की प्रक्रिया और तनाव परीक्षण की नीति है. पिल्लर 2 जोखिम जैसे कि तरलता जोखिम, ब्याज दर जोखिम, एकाग्रता जोखिम के साथ-साथ सामान्य और तनाव दोनों स्थितियों के तहत पूंजी की पर्याप्तता नीतियों के अनुसार मूल्यांकन की जाती है.

हमारे बैंक के भीतर विभिन्न जोखिमों का मूल्यांकन और प्रबंधन करने के लिए प्रक्रिया की एक संक्षिप्त रुपरेखा निम्नानुसार है :

ऋण जोखिम

हमारे बैंक में जोखिम प्रबंधन निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित फ्रेमवर्क के माध्यम से किया जाता हैं जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सर्वोत्तम व्यवहारो के अनुरुप नीतियों, प्रक्रियाओं तथा रिपोर्टिंग पद्धति को निर्धारित करता हैं. सुदृढ़ क्रेडिट प्रक्रिया संस्कृति को संबोधित करने के लिए जोखिम मूल्यांकनकर्ताओं और व्यावसायिक कार्यों की स्वतन्त्रता पर पर्याप्त ध्यान दिया जाता है. हमारे बैंक के पास सुगठित ऋण अनुमोदन प्रक्रिया है जो बोर्ड द्वारा अनुमोदित निर्दिष्ट ऋण नीति के अनुरुप कार्य करती है.

पिछले कुछ वर्षों में बैंक ने आंतरिक रेटिंग में अच्छा अनुभव प्राप्त किया है. इस सशक्त प्लेटफार्म ने बैंक को 31 मार्च, 2013 से बेसल II नियमों के तहत क्रेडिट जोखिम के फाउंडेशन में आंतरिक रेटिंग आधारित (एफआईआरबी) दृष्टिकोण के समानांतर चलाने के लिए नियामक की मंजूरी प्राप्त करने में सक्षम बनाया है. आईआरबी दृष्टिकोण के अंतर्गत पूंजी आवश्यकता का निर्धारण करने के लिए अपना अनुभव सिद्ध मॉडल विकसित करने की अनुमति होती है. आईआरबी अनुपालन बैंक के लिए बेहतर ऋण जोखिम प्रबंधन प्रणाली और कड़ी जोखिम मूल्यांकन प्रक्रियाओं के साथ सहायक बना है.

स्वतंत्र मॉडल सत्यापनकर्ताओं द्वारा उनके विवेकाधीन शक्ति, सटीकता और स्थिरता के साथ क्रेडिट जोखिम मापन मॉडल को सत्यापित किए जाते हैं. कार्पोरेट क्रेडिट रेटिंग मॉडल को वर्ष के दौरान डिफ़ॉल्ट रुप से अपनी अनुमान शक्ति को बढ़ाने के लिए अद्यतन किया गया है.

अविवेकी जमाव का प्रबंध करने हेतु बैंक ने उद्योगों ,सेक्टरों और ऋणकर्ताओं के लिए विवेकशील उच्च सीमाएं तय कर रखी हैं. पोर्टफोलियो समीक्षा कक्ष सेक्टरवाइज़ एक्सपोजर, ऋण संकेन्द्रण ,रेटिंग विभाजन तथा माइग्रेशन पर विस्तृत अध्ययन करता है और इन अध्ययनों के आधार पर बैंक की ऋण कार्यनीति तैयार करता है.

बैंक ने सभी ऋण एक्सपोजरों के लिए पूंजी पर जोखिम समायोजित रिटर्न (आरएआरओसी) फ्रेमवर्क भी क्रियान्वित किया है. शेयरधारकों के निधियों के आर्थिक मूल्य की दृष्टि से यह ऋण एक्सपोजर के जोखिम के निर्धारण में सहायता करती है.

बाजार ज़ोखिम

बैंक दैनिक आधार पर अवधि, संशोधित अवधि, पीवी 01 और जोखिम पर मूल्य (वीएआर) के माध्यम से अपनी ट्रेडिंग बुक में ब्याज दर के जोखिम का आकलन करता है और निगरानी करता है. विदेशी मुद्रा जोखिम का दैनिक आधार पर निवल रात की प्रारंभिक सीमा (एनओओपीएल), वीएआर सीमा, कुल गैप सीमाएं (एजीएल), व्यक्तिगत गैप सीमाएं (आईजीएल) के संदर्भ में आकलन किया जाता है और निगरानी की जाती है. लेनदेन स्तर पर, स्टॉप हानि सीमा और डीलर-वार सीमा निर्धारित और कार्यान्वित की गई है. इक्विटी मूल्य जोखिम का वीएआर सीमाओं और पोर्टफोलियो आकार सीमाओं के माध्यम से आकलन किया जाता है और उसकी निगरानी की जाती है. लेनदेन स्तर पर, इक्विटी मूल्य जोखिम को कम करने के लिए स्टॉप हानि सीमाएं और डीलर-वार सीमाएं लागू की जाती हैं.

अपने दबाव परीक्षण फ्रेमवर्क के तहत, बैंक त्रैमासिक आधार पर अपनी व्यापारिक बही-पोर्टफोलियो का व्यापक दबाव परीक्षण आयोजित करता है.

आस्ति देयता प्रबंधन

तरलता जोखिम, अपेक्षित तथा अनपेक्षित नकदी तथा संपार्श्विक दायित्व को उचित लागत पर पूरा करने की असमर्थता है. बैंक में तरलता जोखिम का प्रवाह दृष्टिकोण तथा स्टॉक दृष्टिकोण और भारतीय रिज़र्व बैंक के नवीनतम दिशानिर्देशों के अनुसार अन्य विवेकपूर्ण निर्धारणों से आकलन किया जाता है तथा मॉनीटर किया जाता है. बैंक ने तरलता मानकों पर बेसल III फ्रेमवर्क रुप - तरलता कवरेज अनुपात, तरलता जोखिम मॉनीटरिंग टूल्स और एलसीआर घोषणा मानकों को कार्यान्वित कर दिया है. एलसीआर मानकों का ध्येय यह सुनिश्चित करना है कि बैंक पर्याप्त भार रहित उच्च कोटि की आस्तियां रखे जिन्हें नकदी में बदला जा सके जो भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित महत्वपूर्ण गंभीर दबाव परिवेश 30 कैलेंडर दिनों की आवश्यकता को पूरा कर सकें. बैंक अपनी वेबसाइट पर खातों पर टिप्पणी के भाग के रुप में संबंधित तिमाही हेतु दैनिक एलसीआर के साधारण औसत का प्रकटीकरण करता है. बैंक संबंधित तिमाही के लिए दैनिक एलसीआर के सादे औसत को लेखों पर टिप्पणियों के रुप में अपनी वेब साइट पर प्रकट करता है.

संवेदनशील आस्तियों और देयता के बीच अंतर के कारण बैंकिंग बही में ब्याज दर जोखिम (आईआरआरबीबी) उत्पन्न होता है जो कि बाजार में ब्याज दर में परिवर्तन के साथ बैंक की आय पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है. बैंकिंग बही में ब्याज दर जोखिम की निगरानी और उसके आकलन के लिए बैंक पारंपरिक अंतर विश्लेषण, जोखिमपूर्ण आय और इक्विटी की संशोधित अवधि जैसे जोखिम प्रबंधन टूल्स का प्रयोग करता है. एनआईआई ब्याज दर की गतिविधियों के लघु अवधि प्रभाव का निर्धारण जोखिम आधारित आय एप्रोच के माध्यम से किया जाता है, इसमें वक्र जोखिम में समान हस्तांतरण, आय

वक्र जोखिम, आधार जोखिम तथा अंतःस्थापित विकल्प जोखिम भी शामिल हैं. ब्याज दर बदलाव का भावी प्रभाव इक्विटी के बाजार मूल्य (एमवीई) में परिवर्तन के माध्यम से आकलित किया जाता है और उसकी निगरानी की जाती है.

परिचालनगत जोखिम

परिचालनगत जोखिम के व्यवस्थित, सम्पूर्ण और एकीकृत प्रबंधन के लिए हमारे बैंक ने वेब आधारित परिचालनगत जोखिम प्रबंधन सिस्टम एसएएस एंटरप्राइज संहिता, जोखिम और अनुपालन (ईजीआरसी) का क्रियान्वयन किया है. संव्यवहार स्तर पर परिचालनगत जोखिम को कम और नियंत्रित करने के लिए बैंक ने केवायसी/एएमएल/सीएफटी दृष्टिकोण से सभी घरेलू संव्यवहारों की निगरानी करने के लिए केंद्रीकृत संव्यवहार निगरानी इकाई की स्थापना की है. बैंक ने कई बैक ऑफिस गतिविधियों को केंद्रीकृत करने के माध्यम से संव्यहारों (बैक ऑफिस) को कार्यान्वित करते हुए ग्राहक इंटरफेस (फ्रंट ऑफिस) को अलग किया है. फोरेक्स लेनदेन में परिचालनगत जोखिमों को कम करने के लिए बैंक ने फोरेक्स लेनदेन के लिए केंद्रीकृत ट्रेड फ़ाइनेंस बैक ऑफिस (टीएफ़बीओ) की स्थापना की है. बैंक सभी स्तरों पर परिचालन कार्यों में लगे स्टाफ सदस्यों के लिए विभिन्न स्थानों पर कार्यशालाओं के आयोजन के माध्यम से प्रभावी प्रशिक्षण प्रदान कर मजबूत जोखिम सुरक्षा का परिवेश तैयार करने में लगा हुआ है.

प्रमुख जोखिम संकेतक कार्यक्रम (केआरआई), जोखिम नियंत्रण और स्व मूल्यांकन कार्यक्रम (आरसीएसए) और मूल कारण विश्लेषण की शुरुआत ने नियंत्रण के परिवेश को और मजबूत किया है.

बेहतर धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन के लिए, बैंक इंटरप्राइज रिस्क मैनेजमेंट सोल्यूशन (ईएफआरएमएस) को लागू करने की प्रक्रिया में है.

बासल III कार्यान्वयन

भारतीय बैंकों द्वारा 1 अप्रैल 2013 से बासल III पूंजी विनियमों का कार्यान्वयन किया गया है. इस कार्यान्वयन के लिए एक ओर पूंजी की परिवर्धित गुणवत्ता एवं मात्रा की, वहीं दूसरी ओर परिष्कृत प्रकटीकरण की आवश्यकता है. बैंक की कोर पूंजी में सुधार करने तथा वृद्धि करने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा मार्च 2016 में एफ़सीटीआर, डीटीए तथा पुनर्मूल्यन आरक्षित को शामिल करने के लिए नए उपाय किये हैं.मार्च 2016 के बाद से बैंक ने चरणबद्ध तरीके से सीसीबी का रख रखाव करना भी शुरू किया है. वित्तीय वर्ष 2019 तक निर्धारित न्यूनतम 2.5% पर पहुंचेगा.

बैंक ने भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित परिवर्ती व्यवस्था के अनुसार नियामक अनिवार्य तरलता कवरेज अनुपात (एलसीआर)को बनाए रखा है.

अनुपालन

अनुपालन कार्यकलाप यह सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी है कि बैंक सत्यनिष्ठा एवं लागू विधियों, नियमों तथा आंतरिक नियमों का अनुपालन करते हुए अपना कार्य करता है. निदेशक मण्डल बैंक के अनुपालन जोखिम के प्रबंधन का देखरेख करता है.

बैंक ने अपने अनुपालन दर्शन को रेखांकित करते हुए निदेशक मण्डल द्वारा अनुमोदित एक पॉलिसी बनाई है. अनुपालन कार्यकलाप बैंक में स्वस्थ अनुपालन संस्कृति द्वारा समर्थित आंतरिक नियंत्रण एवं अनुपालन जोखिम प्रबंधन प्रक्रिया सहित गवर्नेंस का एक अंतर्निहित भाग है. अनुपालन कार्यकलाप वरिष्ठ प्रबंधन एवं निदेशक मण्डल को बैंक द्वारा लागू विधियों, नियमों एवं मानकों के अनुपालन के बारे में सूचित करता है तथा इस क्षेत्र में हुई प्रगति से अवगत कराता है. यह व्यवसाय सहयोगी स्टाफ सदस्यों एवं नामित अनुपालन अधिकारियों के लिए आवधिक रुप से प्रशिक्षण एवं कार्यशालाओं का आयोजन कर उन्हें अनुपालन के बारे में शिक्षित करने में सहायक होता है. इस प्रयोजन से ज्ञान प्रबंधन टूल्स बैंक की साइट पर भी अपलोड किए गए हैं.

वर्ष के दौरान बैंक में अनुपालन कार्यों को और मजबूत करने के लिए प्रत्येक स्तर पर विभिन्न नियामक, सांविधिक एवं आंतरिक दिशानिर्देशों की निगरानी के लिए बैंक ने एक वेब आधारित अनुपालन प्रबंधन समाधान लागू किया है.

केवायसी/ एएमएल दिशानिर्देश

बैंक के पास सुपरिभाषित केवायसी- एएमएल -सीएफ़टी नीति है, यह वह आधारशीला है जिस पर केवाईसी मानदंडों का अनुपालन, ए. एम. एल. मानदंडों, सीएफ़टी उपायों तथा धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के अंतर्गत बैंक के दायित्वों का कार्यान्वयन टिका हुआ है. बैंक वित्तीय अन्वेषण इकाई- एफ़आईयू-आईएनडी को इलेक्ट्रोनिक रुप में भेजने के लिए इलेक्ट्रोनिक तरीके से नकद लेनदेन रिपोर्टों (सीटीआर) को जेनरेट करता है. ग्राहकों के खातों में संव्यवहारों के आधार पर सिस्टम आधारित अलर्ट्स जनरेट करने के लिए एएमएल समाधान लागू किया गया है. केन्द्रीय लेनदेन निगरानी इकाई (सीटीएमयू) संव्यवहारों/ एएमएल सोल्यूशन में जनरेट अलर्ट्स की पूरी तरह से निगरानी करता है और एसटीआर आगे भेजता है. ग्राहकों के खातों का सिस्टम आधारित जोखिम वर्गीकरण छःमाही आधार पर किया जाता है. बैंक जब्त किए गए करेंसी नोट रिपोर्ट (सीसीआर) तथा नोन-प्रोफिट संगठनों के संव्यवहारों की रिपोर्ट (एनटीआर) प्रतिमाह एफआईयू-आईएनडी, नई दिल्ली को भेजता है. बैंक इलेक्ट्रोनिक मीडिया के माध्यम से क्रॉस बोर्डर वायर ट्रांसफर (ईएफ़टी) रिपोर्ट हर माह तैयार करता है और एफ़आईयू-आईएनडी, नई दिल्ली को प्रस्तुत करता है.

बैंक ने भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के सहयोग से आधार आधारित ई-केवायसी को लागू कर दिया है. खाता खोलते समय व्यक्तियों/निकायों के नाम, प्रतिबंधित / यूएनएससीआर सूची अथवा सरकारी प्राधिकरण द्वारा ब्लैक लिस्ट अथवा जारी किसी अन्य सूची में वास्तविक समय में प्रदर्शित नाम से जांच करने की सुविधा लागू की गई है. भारतीय रिज़र्व बैंक के निदेशों के अनुसार बैंक अपने मौजूदा ग्राहकों को विशिष्ट ग्राहक पहचान कोड (यूसीआईसी) आवंटित करने की प्रक्रिया में है. लाभार्थियों के संबंध में इन निदेशों का सत्यनिष्ठा से अनुपालन किया जाता है. कर्मचारियों के लिए यूसीआईसी एवं केवायसी/एएमएल/ईएफ़टी अनुपालन पर नियमित प्रशिक्षण एवं कार्यशालाएं आयोजित की जाती है.

आंतरिक लेखापरीक्षा

बैंक में केन्द्रीय आंतरिक लेखापरीक्षा प्रभाग (सीआईएडी) के माध्यम से आंतरिक लेखापरीक्षा कार्य होता है. सीआईएडी शाखाओं और कार्यालयों के जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा (आरबीआईए) के अलावा लेखापरीक्षा की विभिन्न स्ट्रीम का प्रबंधन करता है. बोर्ड की लेखापरीक्षा

समिति समग्र आंतरिक लेखापरीक्षा कार्य की देखरेख करती है और प्रभावी आंतरिक लेखापरीक्षा, संगामी लेखापरीक्षा, आई एस लेखापरीक्षा और बैंक के अन्य सभी लेखापरीक्षा कार्यों के विकास में मार्गदर्शन करती है. समिति बैंक में अधिकारियों और आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग की लेखापरीक्षा समिति के कार्यकलाप की निगरानी रखती है.

सीआईएडी जोखिम आधारित लेखापरीक्षा नीति के द्वारा लिए गए निर्णय के आवधिकता के आधार पर 13 अंचल लेखापरीक्षा प्रभागों के माध्यम से शाखाओं/कार्यालयों के आंतरिक लेखापरीक्षा का कार्य करती है. बैंक की सभी शाखाएं जोखिम आधारित लेखापरीक्षा के अंतर्गत आती है. 2017-18 के दौरान ऑडिट की गयी 4827 शाखाओं में से 3873 शाखाएं (80.24%) कम जोखिम में थी, 905 शाखाएं (18.75%) मध्य जोखिम में थी, 46 शाखाएं (0.95%) उच्च जोखिम में थी और 03 शाखाएं (0.06%) अधिक उच्च जोखिम श्रेणी में थी.

